दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 20 जुलाई-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 211 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य: ₹3


## 51 की हुईं दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता

### पीएम मोदी ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जन्मदिन है। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री हरियाणा स्थित अपने पैतृक गांव नंदगढ़ गई हैं। सीएम रेखा अपना 51वां जन्मदिन मना रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर कई मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के नेताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम ने बेस्ट विशेज लिखते हुए कहा कि उन्होंने मेहनत से ऊंचाइयों को छुआ और दिल्ली की सेवा में हमेशा एक्टिव रहीं। सीएम के रूप में उन्होंने शहर की तरक्की के लिए कई कदम उठाए हैं। आगे लिखा कि मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

रेखा गुप्ता ने पीएम नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश पर जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आपकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए दिल से शुक्रिया। आपका प्रेरणादायक मार्गदर्शन मेरे लिए ताकत और प्रेरणा का स्रोत है। सीएम के तौर पर मैं आपके 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सपने को पूरा करने के लिए समर्पित हूं।






# सावन के दूसरे सोमवार और शिवरात्रि जलाभिषेक की तैयारी में जुटे पुलिस के अधिकारी

## एडिशनल सीपी, डीसीपी सिटी और ट्रांस हिंडन ने संभाली कमान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सावन के दूसरे सोमवार और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर शिवरात्रि जलाभिषेक को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने कमान संभाल ली है। शनिवार को एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शनी अपराध एवं कानून व्यवस्था, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के साथ ही एसीपी घंटाघर रितेश त्रिपाठी, एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा और एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने दूधेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तो वहीं सुगम यातायात और रूट डायवर्जन के साथ ही मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एडिशनल सीपी ने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए हैं।



### डीसीपी ट्रांस हिंडन ने कांवड़ मार्ग का किया पैदल निरीक्षण



**करंट क्राइम :** वहीं शनिवार को ट्रांस हिंडन जोन के डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव के साथ इंदिरापुरम थानाक्षेत्र हिंडन नहर पटरी, थाना साहिबाबाद अंतर्गत जीटी रोड मार्ग पर कांवड़ यात्रा को सुरक्षित संचालित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश और निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीटीवी का भी डीसीपी ने हाल जाना है।

### एडिशनल सीपी ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक के लिए पुलिसकर्मियों को किया ब्रीफ



### एसीपी वेव सिटी ने मोदीनगर और गंग नहर में संभाली कमान

**करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक और सफलता के साथ संपन्न कराने के लिए एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने मोदीनगर और मुरादनगर गंग नहर का निरीक्षण किया। इस दौरान पैदल मार्च के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने का जायजा भी लिया गया।



### एडिशनल सीपी ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी गंभीरता से करने का दिया निर्देश



करंट क्राइम : शनिवार शाम एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शनी अपराध एवं कानून व्यवस्था द्वारा डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल द्वारा घंटाघर कोतवाली स्थित रामलीला मैदान में कांवड़ सुरक्षा और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक के संबंध में दूधेश्वरनाथ मंदिर मार्ग और उसके आसपास लगे समस्त पुलिस बल को ब्रीफ किया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध करने के साथ ही ड्यूटी पर किसी प्रकार की लापरवाही एवं पूरी गंभीरता से ड्यूटी करने का निर्देश दिया है।

## कांवड़ यात्रा : डीसीपी ग्रामीण ने किया गंगनहर का निरीक्षण

### गोताखोरों को 24 घंटे अलर्ट रहने के दिए निर्देश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एसीपी मसूरी सर्किल लिपित नगायच और थानाप्रभारी अंकित कुमार ने पीएसी के गोताखोरों के साथ गंगनहर का निरीक्षण किया।

पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी वाहन को नहीं जाने दे रहा है। कांवड़ सेवा शिविरों में भी पूरी निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बोट पर सवार होकर नहर का निरीक्षण किया।

डीसीपी ग्रामीण ने कांवड़ियों से नहर में बैरिकेडिंग के अंदर ही नहाने की अपील की है। उन्होंने गोताखोरों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया। साथ ही नहर में लगी बैरिकेडिंग से बाहर किसी भी कांवड़िए के न जाने की हिदायत दी। डीसीपी ग्रामीण ने मोदीनगर शहर में भी कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रख रहा है।

## लोनी का युवक बना एक झटके में अरबपति! फिर...



### खाता देखकर युवक हैरान हो गया जब कई अरब रुपए उसके खाते में आ गए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी के मिल्क नगर कॉलोनी निवासी एक युवक के बैंक खाता में शनिवार को लगभग कई अरब रुपए आ गए। खाते में इतनी बड़ी मात्रा में रुपए आने पर युवक घबरा गया और वह भाग कर अपने बैंक में जाकर एप्लीकेशन देकर खाता फ्रीज करा दिया ।

मिल्क विकास नगर लोनी क्षेत्र के रहने वाले सद्दाम पुत्र जुल्फिकार ने किसी को पैसा ट्रांसफर करने के लिए अपने मोबाइल फोन पर अपना खाता अपडेट कराया था। खाता देखकर उसे समय वह हैरान हो गया जब कई अंरब रुपए उसके खाते में आ गए। वह खुद भी अनुमान नहीं लग पाया कि यह रुपया कितना होगा। लगभग 37 अंकों में यह रुपया उसके खाते में आ चुका था। युवक कुछ समझ पाता कि अचानक वह घबरा गया और भागता हुआ अपने बैंक यमुना विहार कोटक महिंद्रा दिल्ली ब्रांच गया और अपने बैंक पर पहुंचकर बैंक मैनेजर के नाम एप्लीकेशन देकर अपने ही खाते को फ्रीज करा दिया।

## 22 जुलाई सुबह 7:06 से चढ़ने लगेगा त्रयोदशी का जल

# श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में हो गई सारी व्यवस्था पूरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन शिवरात्रि 23 जुलाई को है और उस दिन सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में लाखों कांवड़िएं व शिवभक्त भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक करेंगे। जलाभिषेक के लिए देश भर से कांवड़िएं व शिवभक्त मंदिर आएंगे। मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि दूधेश्वर मंदिर सिद्धपीठ है और यहां भगवान शिव स्वयं भगवान दूधेश्वर के रूप में अपने भक्तों के कष्ट दूर करने और अपनी कृपा की बारिश से उनके जीवन को सुख-समुद्धि व खुशहाली से भरने के लिए विराजमान हैं। यही कारण है कि मंदिर की ख्याति देश ही नहीं विदेश में भी है और यहां पूरे सावन का मेला लगता है। सावन के प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में भक्त भगवान का जलाभिषेक करते हैं, वहीं सावन की शिवरात्रि को तो यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। मंदिर में तीन दिवसीय कांवड़ मेला 21 जुलाई से शुरू हो जाएगा।





22 जुलाई को त्रयोदशी का जल चढेगा। सावन का पहला प्रदोष व्रत 22 जुलाई यानी मंगलवार को रखा जाएगा। मंगलवार होने की कारण ही इस प्रदोष व्रत को भौम प्रदोष व्रत के रूप में जाना जाएगा। भौम प्रदोष का व्रत ऋणमोचन के लिए रखा जाता है। त्रयोदशी तिथि 22 जुलाई को सुबह 7.06 बजे लगेगी और देर रात 2.29 बजे समाप्त होगी। वहीं चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 04.बजे से पूरा दिन कांवड़ का जल चढ़ाने का दिन शुभ है जो कि 23/24 की रात 2 बजे तक रहेगा कांवडिये भक्त पूरे दिन किसी भी समय जल चढाये पूरा दिन शुभ है सावन की शिवरात्रि 23 जुलाई को होगी और उसी दिन व्रत रखकर भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया जाएगा। व्रत का पारण 24 जुलाई को होगा। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने बताया कि मंदिर में देश भर से जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और सावन शिवरात्रि के लिए विशेष प्रबंध किया जाएगा ताकि कांवड़ियों को जलाभिषेक के दौरान कोई परेशानी ना हो। मंदिर के स्वयंसेवक कांवड़ियों की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहेंगे। मंदिर विकास समिति के उपाध्यक्ष अनुज धर्मपाल गर्ग ने बताया कि मंदिर की ओर से कांवड़ियों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। .त्रयोदशी से मंदिर के कपाट 24 घंटे खुले रहेंगे। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के निर्देशन व मार्गदर्शन में सावन शिवरात्रि पर ऐसी शानदार व्यवस्था रहेगी कि लाखों की संख्या के बावजूद किसी भी कांवड़िए को जलाभिषेक में कोई परेशानी नहीं होगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड, महापौर सुनीता दयाल, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हर प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई हैं और वे खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी प्रकार की कोई भी असुविधा शिवभक्त को ना हो। मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराजश्री से जानकारी भी ले रहे हैं। प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक संजीव शर्मा भी व्यवस्थाओं व तैयारियों पर नजर बनाए हुए हैं। श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल व उनकी टीम द्वारा सावन की शिवरात्रि पर भगवान दूधेश्वर का भव्य व आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. राजपाल त्यागी के निधन पर शोक जताने पहुंचे दिग्गज

### सुबह से शाम तक लगा रहा शोक व्यक्त करने वाले लोगों का तांता







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की राजनीति के एक युग का अंत पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन के साथ हुआ। वो गाजियाबाद की राजनीति का एक बड़ा अध्याय रहे और हमेशा रहेंगे। उनके निधन के बाद शनिवार को उनके लोहिया नगर स्थित आवास पर शोक जताने वाले लोगों का तांता लगा रहा। राजनीति के दिग्गज-गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचे और उनके पुत्र गिरीश त्यागी तथा मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी को शोक सांत्वना दी। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया। सुबह नौ बजे से लेकर रात्रि आठ बजे तक हजारों लोग शोक व्यक्त करने पहुंचे। पूर्व मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, पूर्व मंत्री डीपी यादव, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, दादरी विधायम तेजपाल नागर, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू शिवाच और एडिश्नल सीपी कल्पना अवस्थी सहित कई प्रमुख हस्तियां स्व. राजपाल त्यागी के निवास पर पहुंची और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# खोड़ा में जल सप्लाई करने की 187 करोड़ की योजना निरस्त

# नोएडा अथॉरिटी ने 50 एमएलडी पानी देने से किया इनकार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा कॉलोनी में नोएडा से जल सप्लाई करने की योजना निरस्त कर दी गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की पहल पर प्रदेश सरकार ने खोड़ा कॉलोनी में जल सप्लाई के लिए 187 करोड रुपए की योजना बनाई थी। इसके तहत नोएडा से 50 एमएलडी पानी खोड़ा कॉलोनी को सप्लाई करना था लेकिन नोएडा अथॉरिटी ने पानी देने से इनकार कर दिया। जिस कारण खोड़ा कॉलोनी में पानी सप्लाई करने की योजना निरस्त कर दी गई है। यह जानकारी आइजीआरएस के माध्यम से मिली। खोडा रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने बताया कि 5 जुलाई 2025 को उन्होंने आईजीआरएस के तहत प्रशासन से जानकारी मांगी थी कि सरकार की ओर से खोड़ा कॉलोनी के लिए जो योजना बनाई गई थी, उसकी वर्तमान स्थिति क्या है। इसके जवाब में प्रशासन की ओर से कहा गया कि नोएडा अथॉरिटी की ओर से पानी नहीं देने के कारण 187 करोड रुपए की योजना को निरस्त कर दिया गया है। खोडा रेजिडेंट एसोसिशन के अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि खोडा की जनता के साथ जनप्रतिनिधि पहले धोखा कर रहे थे अब सरकार भी धोखा करने लगी है। पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र की जनता खोड़ा कॉलोनी में पानी की सप्लाई के लिए आंदोलन कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की पहल पर सरकार ने खोड़ा कॉलोनी को जल की सप्लाई के लिए 50 एमएलडी पानी नोएडा को देने के लिए कहा था। इस योजना की घोषणा खुद जनरल वीके सिंह ने की थी। एक साल होने के बाद भी योजना परवान नहीं चढ़ पाई । उन्होंने कहा कि खोड़ा नगर पालिका चुनाव के दौरान वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष ने घर-घर नल लगाने का वादा किया था लेकिन वह वादा भूल गए। दुख का विषय है कि इतने लंबे संघर्ष के बाद भी जनप्रतिनिधि इस समस्या का समाधान करने की दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहे है।




उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर एक बार फिर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत खोड़ा से प्रधानमंत्री कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा।

अभी हाल ही में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के कार्यालय तक मार्च किया गया था तब उन्होंने जल्द ही खोडा में पानी की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन वह भी आश्वासन को बरकरार नहीं रख पाए।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# यूपी में बिजली का निजीकरण जनसुनवाई का विरोध करेंगे कर्मचारी

**लखनऊ।** पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का विरोध बढ़ता जा रहा है। बिजली दर की सुनवाई के दौरान कर्मचारी संगठनों के साथ ही उपभोक्ताओं एवं किसानों ने जबरदस्त विरोध किया। अब लखनऊ में 21 जुलाई को होने वाली जनसुनवाई में विरोध की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। वहीं, उपभोक्ता परिषद तकनीकी बारीकियों पर सवाल खड़े करने की तैयारी में है।

सुनवाई पूरी होने के बाद नियामक आयोग बिजली दरें तय करेगा। इस बार की जनसुनवाई के दौरान वाराणसी से लेकर मेरठ तक निजीकरण को रद्द करने की मांग उठती रही। लखनऊ में होने वाली सुनवाई को लेकर भी विरोध की तैयारी शुरू हो गई है। पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल,




केस्को द्वारा विद्युत नियामक आयोग में कुल लगभग 113060 करोड़ का वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल किया गया है।

इस वर्ष लगभग 86952 करोड़ की बिजली खरीदी जानी है। प्रदेश सरकार की तरफ से राजकीय सब्सिडी 17511 करोड़ मिलनी है। पॉवर कॉर्पोरेशन की तरफ से 2025-26 में कुल लगभग 19644 करोड़ का गैप दिखाया गया है। कॉर्पोरेशन ने कुल घाटा करीब 24022 करोड़ प्रस्तावित किया है। ऐसे में बिजली दरों में औसत 28 फीसदी और घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की दरों में लगभग 45 फीसदी तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है।

वहीं, संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कॉर्पोरेशन मनोबल तोड़ने के लिए मनमाने ढंग से उत्पीड़न कर रहा है। बिजली कर्मियों के घरों पर रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जो पूरी तरह से गलत है। वहीं डिजिटल हाजिरी के नाम पर करीब छह हजार से अधिक कार्मिकों का जून माह का वेतन रोक दिया गया है।

**नहीं बढ़ने दी जाएंगी बिजली दरें, निजीकरण भी होगा रद्द :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं का निगमों पर बकाया 33122 करोड़ लौटाया जाए। इसके बाद बिजली दरें बढ़ाने पर विचार होना चाहिए। जब तक उपभोक्ताओं का बकाया नहीं लौटाया जाता है तब तक बिजली दर नहीं बढ़ने दी जाएगी। जिस तरह से जनसुनवाई के दौरान हर वर्ग के लोग निजीकरण का विरोध कर रहे हैं, उसे तत्काल रद्द किया जाए।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, छह लोगों की मौत, 10 घायल




**मथुरा:** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर दो सड़क हादसों में कुल 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हो गए। मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 140 पर एक कार ट्रक में जा घुसी। इस भीषण हादसे में ईको कार में सवार छह लोगों की मौके मौत हो गई। वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी प्रकार दूसरा हादसा माइलस्टोन 131 पर हुआ। जिसमें एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन दोनों हादसों से चारों ओर हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही जिला अधिकारी सी पी सिंह एवं एस एस पी श्लोक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एस एस पी श्लोक कुमार ने हादसों के बारे में जानकारी देते हुए कहा यमुना एक्सप्रेसवे पर दो हादसे हुए। पहला हादसा यमुना एक्सप्रेसवे की माइलस्टोन 140 पर हुआ। जिसमें एक ईको ट्रक में जा घुसी। जिससे कार में सवार 6 लोगों की मौत हो गई। वही दो लोग गंभीर से घायल हो गए। उनका कहना है की दूसरी घटना माइलस्टोन 131 पर हुई।

एक प्राइवेट बस पलट गई। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए। घायलों उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राइवेट बस में सवार लोग मध्यप्रदेश के हैं।

# मानसून सत्र से पहले केंद्र ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले 20 जुलाई 2025 को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक का उद्देश्य सत्र के दौरान सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करना और विपक्षी दलों से सहयोग प्राप्त करना है। बैठक में सरकार के तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत कुछ वरिष्ठ मंत्री शामिल होंगे। इसके अलावा अलग अलग विपक्षी दलों और एनडीए के विभिन्न दलों के नेता और संसदीय दलों के प्रमुख इस बैठक में शामिल होंगे।

**आठ नये विधेयक पेश करेगी केंद्र सरकार :** केंद्र सरकार सोमवार (21 जुलाई 2025) से शुरू हो रहे



मानसून सत्र में कुल आठ नये विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है जिनमें भू-विरासत स्थलों और भू-अवशेषों के संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित एक विधेयक भी शामिल है। मानसून सत्र के लिए प्रस्तावित विधेयकों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक शामिल है।

**ऑपरेशन सिंदूर, बिहार को लेकर हंगामे के आसार :** मानसून सत्र के दौरान 12 अगस्त से 18 अगस्त तक रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण अवकाश रहेगा। ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन (रक्फ़) को लेकर सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस समेत विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग और सरकार पर हमला बोल रहे हैं। ऐसे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच तीखी नोकझोंक होने की संभावना है।

# पंजाब में आप को झटका : खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। मान ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी

**2020 में हुई थी पार्टी में शामिल :** अनमोल गगन मान पंजाब सरकार में पर्यटन मंत्री रह चुकी हैं। अनमोल गगन मान का पंजाबी गायिका से मंत्री तक का सफर काफी दिलचस्प है। उन्होंने साल 2020 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल के प्रत्यशी रणजीत सिंह गिल को करीब 37718 मतों से हराया था। 2022 विधानसभा चुनाव में जीतने वालीं वह सबसे युवा नेताओं में से एक



हैं। अनमोल गगन मान ने पार्टी का कैंपेन गीत भी तैयार किया था।

**मॉडलिंग और गायकी में कमाया था नाम :** अनमोल गगन मान का जन्म 1990 में मानसा में हुआ था। उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ से हुई। इसके बाद उन्होंने पहले मॉडलिंग फिर गायकी में अपना करियर बनाया। पिछले साल जून में एडवोकेट शाहबाज सोही के साथ उनकी शादी हुई थीं। वहीं एक दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता व रियल एस्टेट कारोबारी रणजीत सिंह गिल ने अकाली दल छोड़ने का एलान किया था।

**सुखपाल खैरा ने साधा निशाना :** अनमोल गगन मान के इस्तीफे पर कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा ने प्रतिक्रिया दी है। खैरा ने एक्स पर लिखा-अनमोल गगन मान का राजनीति छोड़ने का फैसला अरविंद केजरीवाल के पूर्ण विश्वासघात को दशार्ता है। मान आम आदमी पार्टी की इस्तेमाल करो फेंक दो वाली गंदी राजनीति की पहली शिकार नहीं हैं, बल्कि प्रशांत भूषण से लेकर गुरप्रीत घुग्गी तक लंबी सूची है। भगवंत मान सरकार के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं।

**वड़िंग बोले-जब आग भड़कती है तो :** पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अनमोल गगन मान के इस्तीफे पर कहा कि पंजाब आप में सब कुछ ठीक नहीं है। एक विधायक को पार्टी से निलंबित कर दिया गया और एक महीने से भी कम समय में एक और विधायक ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति छोड़ने की बात तक कह दी। हालांकि, यह आप का अंदरूनी और आंतरिक मामला है। लेकिन जब आग भड़कती है, तो उसकी लपटें दूर-दूर तक फैलती हैं।

# खुद से जमीन पर बैठ ऑक्सीजन ले रहा मरीज...वीडियो हुआ वायरल

## पूर्व सीएम ने किया तंज, लिखा- महाभ्रष्ट व्यवस्था

**आजमगढ़ :** आजमगढ़ के जिला मंडलीय चिकित्सालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल कर रख दी। एक टीबी का मरीज सांस की डोर यानी आक्सीजन लगाकर जमीन पर बैठा हुआ है।

उक्त वीडियो को अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए सवाल किया कि 'स्वास्थ्य मंत्री जी को ये मरीज दिख रहा है क्या?' करते हुए निशाना साधा है। वहीं मामले की जांच कर स्वास्थ्य विभाग के एसआईसी ने सफाई दी है।



जानकारी मुताबिक आजमगढ़ के तरवां निवासी राजू टीवी की बीमारी के कारण आजमगढ़ के मंडली अस्पताल में 17 जुलाई को भर्ती कराया गया था। मंडलीय अस्पताल के एसआईसी डॉ. ओम प्रकाश सिंह का कहना है कि मरीज को चेस्ट इन्फेक्शन हुआ था। उसे आक्सीजन दिया गया था।

**स्वास्थ्य विभाग में मची खलबली :** इसी बीच बिस्तर पर ही टॉयलेट कर दिया था। वह नीचे उतरकर अपनी पत्नी के आने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान किसी ने वीडियो बना लिया।

चिकित्सा अधीक्षक का कहना है कि इस तरह से किसी मरीज का वीडियो बनाने बेहद गलत है। कारण कि यह मरीज का निजी मामला है। उसकी गोपनियता है।

# हरियाणा के सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ेंगे गीता के श्लोक

**हरियाणा।** उत्तराखंड के बाद अब हरियाणा के सरकारी स्कूलों में भी 'गीता श्लोक' का उच्चारण सुबह-सुबह प्रार्थना में अनिवार्य कर दिया गया है। इसको लेकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने पत्र जारी कर दिया है।



बोर्ड का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ी गीता के श्लोक के माध्यम से ज्ञान को समझें और उसे जीवन में उतारे।

इसको लेकर हरियाणा के एक स्कूल के प्रिंसिपल से आजतक ने बात की। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि युवा पीढ़ी संस्कारी बने और एक संस्कारी समाज का निर्माण करे। हमारे प्रधानमंत्री का भी सपना है कि भारत विश्व गुरु बने। पूर्व में हमारे देश में विदेशों से लोग अध्यात्म की पढ़ाई करने आते थे।

अध्यात्म का ज्ञान सर्वोपरि है। गीता श्लोक पढ़ने से बच्चे संस्कारी होंगे और अपने आप में आदर्श होंगे। गीता श्लोक में यह बताया है कि हमारे आचरण कैसे होने चाहिए? समाज में हमारा योगदान क्या है?

# टोल प्लाजा पर शिवभक्तों पर बरसीं फूलों की वर्षा

## प्रभारी मंत्री ने कहा-'सरकार है पूरी तरह प्रतिबद्ध'



**मेरठ।** सावन में शिवभक्ति के रंग में रंगा मेरठ, और टोल प्लाजा बना भक्ति-भाव का प्रतीक। सिवाया टोल प्लाजा के पास प्रकाश वती जीवन सेवा ट्रस्ट के 27वें कांवड़ सेवा शिविर में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं मेरठ प्रभारी धर्मपाल सिंह पहुंचे।

भाजपा नेता पंडित सुनील भराला व अजय भारद्वाज ने प्रभारी मंत्री का पटका पहनाकर स्वागत किया। शिविर में पहुंचे महापौर हरिकांत अहलूवालिया, महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा और कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा, 'शिवभक्त कठिन साधना के साथ हरिद्वार से कांवड़ लाकर जलाभिषेक करते हैं, यह अनूठी श्रद्धा है। प्रदेश सरकार कांवड़ यात्रा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। पुलिस व प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि किसी कांवड़िए को कोई असुविधा न हो।'

# बड़ी कामयाबी: मलेरिया की रोकथाम के लिए आ गई पहली स्वदेशी वैक्सीन

**मच्छरजनित बीमारियां भारत में हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ाती जा रही हैं। विशेषतौर पर मानसून के दिनों में इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डेंगू-मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के कारण बड़ी संख्या में न केवल लोगों को अस्पतालों में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है।**

**नई दिल्ली।** भारत ने मलेरिया की रोकथाम के लिए अपना पहला टीका तैयार कर लिया है। जल्द ही टीके के उत्पादन के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) निजी कंपनियों के साथ समझौता करने की तैयारी में है। विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि इससे न सिर्फ अस्पतालों पर पड़ने वाले दवाब को कम किया जा सकेगा बल्कि रोगियों की जान बचाने में भी मदद मिल सकेगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की नवीनतम विश्व मलेरिया रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में दुनियाभर में मलेरिया के अनुमानित 263 मिलियन (26.3 करोड़) मामले सामने आए और 5.97 लाख लोगों की मौत हो गई। टीका आने





के बाद मौत के जोखिमों को और कम किया जा सकता है।

**भारत में मलेरिया की क्या स्थिति है? :** भारत ने अपनी व्यापक रणनीति और अथक प्रयासों से मलेरिया की रोकथाम में सफलता पाई है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मलेरिया के अनुमानित मामलों की संख्या 2017 में 64 लाख से घटकर 2023 में 20 लाख रह गई, जो 69% की गिरावट है। इसी प्रकार, इसी अवधि में मलेरिया से होने वाली मौतें 11,100 से घटकर 3,500 हो गई, जो 68% की कमी है। अब स्वदेशी टीके के निर्माण से मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

आईसीएमआर ने जानकारी दी है कि मलेरिया के टीके की खोज पूरी कर ली गई है। इसे फिलहाल एडफाल्सीवैक्स नाम दिया है, जो मलेरिया परजीवी प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के खिलाफ पूरी तरह असरदार पाया गया है। आईसीएमआर और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) के शोधकताओं ने मिलकर यह स्वदेशी टीका तैयार किया है।

**मौजूदा टीकों से बेहतर :** वर्तमान में, मलेरिया के दो टीके (फ्ळर,र/अर01 (मॉस्किरीक्स) और फ21/मैट्रिक्स-ट) उपलब्ध हैं और इनकी कीमत 250 से 830 प्रति खुराक के बीच है। इनकी प्रभावकारिता दर 33 प्रतिशत से 67 प्रतिशत के बीच है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा टीकों के विपरीत, एडफाल्सीवैक्स दोहरे चरण की सुरक्षा प्रदान करता है और किफायती भी है।

आरएमआरसी के वैज्ञानिक डॉ. सुशील सिंह ने कहा कि नया टीका मानव संक्रमण को रोक सकता है। एडफाल्सीवैक्स व्यापक सुरक्षा प्रदान कर सकती है। इसमें ढा२230 और ढा२48/45 प्रोटीन का एक नया मिश्रण शामिल है जो संक्रमण को रोकने वाले मजबूत एंटीबॉडी बनाता है।

**इस टीके की क्या खासियत है? :** एडफाल्सीवैक्स को मौजूदा टीकों से अलग बनाने वाली बात इसकी फार्मास्युटिकल स्टेबिलिटी है। यह फॉमूर्ला कमरे के तापमान पर नौ महीने से ज्यादा समय तक प्रभावी रहता है, जिससे महंगी कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की जरूरत खत्म हो जाती है, जो दूरदराज और संसाधन-सीमित क्षेत्रों में टीका वितरण में एक बड़ी बाधा बनी हुई है। आरएमआरसी की निदेशक डॉ. संघमित्रा पति ने कहा, वैक्सीन की प्रभावकारिता एक दशक से ज्यादा समय तक सुरक्षा प्रदान कर सकती है।





# मिनट्स की मांग को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना

# शुरू हुई अलग फाइट, किसने काटी निगम की लाइट

## पार्षदों ने निगम मुख्यालय पर अंधेरे में बैठक दिया धरना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम के परिसर में बीते 40 घंटे से नगर निगम के उन पार्षदों का धरना प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन आंदोलन चल रहा है, जो खुद को जनता का प्रतिनिधि बताते हैं। पार्षदों की मांग थी कि 30 जून को हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक के मिनिट्स उन्हें उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए बाकायदा वह महापौर, नगर आयुक्त, सदन सचिव से लेकर कई अन्य दरवाजे खटखटा चुके हैं लेकिन अब तक इसमें उन्हें सफलता नहीं मिल रही है। इससे नाराज पार्षद बड़ी संख्या में शुक्रवार सुबह 11 बजे से नगर निगम में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए थे। शुक्रवार की रातभर पार्षदों ने धरने को जारी रखा। तो वो कभी लूडो खेलते, तो सुबह अखबार पढ़कर अपना समय बिताया। शनिवार को फिर दोबारा से नगर निगम के पार्षदों के समर्थन में व्यापारिक संगठन, पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद पहुंचने लगे। तो इसी दौरान नगर निगम के कर्मचारी भी पार्षदों के आगे मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों और कर्मचारी संघ से जुड़े लोगों का कहना था कि पार्षदों के धरने की वजह से वह अपना काम नहीं कर पा रहे हैं जबकि इस दौरान उनको कांवड़ जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी में होना चाहिए था। उधर पार्षदों का कहना है कि जो लोग कांवड़ ड्यूटी छोड़कर धरने, प्रदर्शन और पार्षदों के सामने बैठे हैं, उन लोगों का मिनट्स उपलब्ध कराने या साइन से लेकर किसी अन्य काम में योगदान नहीं था। इसमें तो केवल कुछ अधिकारियों और नगर आयुक्त और महापौर के हस्ताक्षर होने थे और मिनट्स उपलब्ध कराए जा सकते थे। मिनट्स की मांग को लेकर पार्षदों की लड़ाई आर- पार वाली होती नजर आ रही है। शनिवार को जहां पार्षदों ने दिनभर नगर निगम में अनिशचितकालीन धरना दिया। जो शनिवार रात को भी जारी रहा। उधर सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले को लेकर जल्द ही पार्षदों को अब बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े जनप्रतिनिधियों की भी इसमें भागीदारी देखने को मिल सकती है।

## जब काट दी गई नगर निगम की लाइट, पार्षदों ने कहा शुरु होगी आरपार की फाइट

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद लगातार गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों पर तानाशाही वाला रवैया अपनाने का आरोप लगा रहे हैं। तो शनिवार को रात के वक्त धरने पर बैठे पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम में अधिकारियों के दबाव के चलते जहां पार्षद बैठे हुए थे ,उसी स्थान की लाइट काट दी गई। वहीं पार्षद गौरव सोलंकी और हिमांशु शर्मा ने जानकारी दी है कि नवयुग मार्केट इलाके में सब जगह लाइट आ रही थी। नगर निगम के मीटर में भी बिजली नजर आ रही थी लेकिन जहां रात गुजारने के लिए नगर निगम के कई पार्षद धरने पर बैठे हुए थे, केवल वहां की लाइट काट दी गई है। लाइट कटने के प्रकरण के बाद सोशल मीडिया पर पार्षदों ने वीडियो बनाकर नई फाइट शुरू कर देने की बात की है। तो वहीं निगम के अधिकारियों पर आरोप भी लगाए हैं।



पार्षदों ने लाइट जाने के बाद नगर निगम के प्रकाशवान मीटर का फोटो भेजा।




## मेयर ने पार्षदों के मिनट्स वाले लैटर पर मांगा था नगर आयुक्त से जवाब

करंट क्राइम : नगर निगम के गलियारों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस तरीके का घटनाक्रम शुक्रवार को हुआ, मेयर नगर निगम के मुख्यालय पहुंची और पार्षदों से नहीं मिली। इसके बाद यह हवा भी उड़ी की क्या मेयर नहीं चाहती कि हाउस टैक्स कम हो। तो एक लैटर भी सामने आया है, जो बता रहा है कि अगर इस मैटर में मेयर का सपोर्ट नहीं होता तो वह इसे सदन में निरस्त क्यों करती। वहीं मेयर खेमे में से मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को महापौर सुनीता दयाल द्वारा पार्षदों को बोर्ड बैठक के मिनट्स उपलब्ध कराने के लिए एक लैटर लिखा गया था। जिसमें उन्होंने नगर आयुक्त से जवाब मांगा था लेकिन इसके बावजूद भी अब तक बोर्ड बैठक के मिनट्स उपलब्ध नहीं हो पाए हैं।

## जब पार्षदों के विरोध में ही बैठ गए नगर निगम के कर्मचारी

करंट क्राइम : शनिवार को नगर निगम गाजियाबाद के परिसर में एक नाटकीय सीन भी देखने को मिला। जब निगम पार्षदों के आगे नगर निगम के मुख्य गेट पर नगर निगम के अन्य कर्मचारियों पर बैठ गए। उन्होंने पार्षदों के खिलाफ नारेबाजी शुरू की, तो पार्षदों ने भी निगम कर्मचारियों को आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे पार्षदों ने कहा कि जिन कर्मचारियों को कांवड़ यात्रा का जिम्मा संभालना चाहिए वह ड्यूटी छोड़कर यहां प्रदर्शन कर रहे हैं। वैसे कुछ देर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और मौके पर जब नगर आयुक्त पहुंचे तो उसके कुछ देर बाद कर्मचारी उठ गए और फिर निश्चित कालीन आंदोलन पर पार्षद भी जम रहे।

## शनिवार को फिर हुआ पार्षदों और नगर आयुक्त का आमना-सामना

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षद मिनट्स की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे हुए हैं। तो वह मिनिट्स उपलब्ध न कराने को लेकर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। शनिवार को फिर पार्षदों और नगर आयुक्त का आमने-सामने वाला सीन हुआ। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक पहुंचे तो पार्षदों ने कहा कि मिनिट्स उपलब्ध करा दिए जाएं, पर नगर आयुक्त ने इसपर कोई रिएक्शन नहीं दिया और कहा कि आप लोगों के धरने की वजह से नगर निगम के कर्मचारी भी धरने पर बैठ गए हैं। साथ ही इस दौरान एक दिलचस्प तस्वीर भी कमरे में कैद हुई है। जिसमें पार्षद नगर आयुक्त की तरफ हाथ दिख रहे हैं, तो नगर आयुक्त पार्षदों की ओर इशारा कर रहे हैं।



## शनिवार को इन पार्षदों की रही मौजदूगी

करंट क्राइम : शनिवार को पार्षद नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, गौरव सोलंकी, कुसुम मनोज गोयल, शिवम शर्मा, मुलायम सिंह, शशि पवन गौतम, उदित मोहन, पूनम सिंह, देवनारायण शर्मा, संतोष सिंह, नरेश भाटी, राजकुमार भाटी, भूपेंद्र उपाध्याय, ओमपाल भाटी, मनोज त्यागी, अमित त्यागी, थान सिंह कश्यप, विनील दत्त, रीना गौतम ,जाकिर अली, पवित्रा चौधरी, डॉ अनिल तोमर, धीरेंद्र बिल्लू, दिलशाद, शिल्पा चौधरी, अनुज त्यागी, राधेश्याम त्यागी, सुधीर, राजेश यादव ,हरीश कराकोटी ,पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल पूर्व ,पार्षद मनोज चौधरी, पूर्व पार्षद राकेश त्यागी, पूर्व पार्षद गोपाल, गोपाल दत्त करगेती उपस्थित रहे। वहीं व्यापार मंडल से राजू छाबड़ा, संजीव लोहिया, विनय सिंगल, विक्रम सैनी, संजीव करनवाल, किसान मोर्चा रविंदर भाटी, अशोक चावला, नीटू सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों ने अपना समर्थन दिया।

## व्यापार मंडलों ने दिया समर्थन



करंट क्राइम। इस बीच शहर के व्यापार मंडलों ने पार्षदों के धरने का समर्थन किया। व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर जाकर पार्षदों के साथ धरना दिया। 30 जून की बोर्ड बैठक में सांसद, मंत्री, विधायक, महापौर और पार्षदों ने टैक्स वृद्धि को रद्द कर दिया था। इसके बावजूद निगम अधिकारी बढ़े हुए टैक्स के नोटिस भेज रहे हैं। पार्षदों ने इसे सदन के फैसले का अपमान बताया है। व्यापार मंडल के सचिव अशोक चावला ने कहा कि पार्षद जनता के मुददे पर धरना दे रहे है। इसलिए व्यापार मंडल ने उनके धरने का समर्थन करने का फैसला किया है। पार्षद पति मनोज गोयल ने कहा कि जब तक बैठक के फैसले की पुष्टि नहीं होती, वे अगली रणनीति तय नहीं करेंगे। मांग न माने जाने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। पार्षदों का आरोप है कि उनके क्षेत्र के विकास कार्यों को रोका जा रहा है। टेंडर जारी नहीं किए जा रहे हैं। अधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं और जनता की परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

## रात को पार्षद खेल रहे हैं लूडो, तो सुबह पढ़ते हैं अखबार



करंट क्राइम : नगर निगम के परिसर में अपने बोर्ड बैठक के मिनट्स की मांग को लेकर बैठे धरनारत पार्षद रात को कभी लूडो खेल कर अपनी रात काटने का काम करते हैं। तो सुबह जल्दी उठकर अखबारों में अपनी खबर तलाश रहे हैं। रात को व्हाट्सएप ग्रुप पर भी आगे की रणनीति के प्लान बना रहे हैं। तो लगातार जन समर्थन जुटाने के लिए वर्तमान एवं पूर्व पार्षद अपने-अपने इलाके और संपर्क वाले लोगों से उनके साथ देने की गुहार भी लगा रहे हैं।

## पार्षदों के धरने ने नगर निगम कर्मचारियों को बांट दिया दो धड़ों में

करंट क्राइम। नगर निगम कर्मचारी संघ ने पार्षदों से कांवड मेले के बाद धरना प्रदर्शन जारी रखने की गुजारिश की तो वहीं सफाई कर्मचारी संघ ने पार्षदों के धरने का समर्थन किया है। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने शनिवार को नगर निगम गेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस समय कांवड यात्रा चल रही है। सभी कर्मचारियों की कांवड यात्रा में ड्यूटी लगी हुई है। ऐसे में पार्षदों से अपील की गई कि कांवड़ यात्रा तक वे अपना आंदोलन स्थगित कर दे। कांवड़ यात्रा के बाद फिर से धरना दे दें। वहीं, सफाई कर्मचारी संघ ने पार्षदों के धरने का समर्थन किया है। सफाई कर्मचारी संघ के नेता प्रदीप चौधरी ने कहा कि पार्षद अपने मुददों को लेकर नहीं, बल्कि आम जनता से जुडे मुददों को लेकर आंदोलन कर रहे है। सभी सफाई कर्मचारी उनके आंदोलन का समर्थन करते है।

## पार्षद लड़ रहे हैं न्याय और ईमानदारी की लड़ाई : प्रदीप चौहान

करंट क्राइम। शनिवार को जो घटनाक्रम निगम पर हुआ वह यह सिद्ध करता है कि अधिकारियों की मानसिकता अभी ठीक नहीं है। आज भी अधिकारी समाजवादी पार्टी की सोच के साथ काम कर रहे हैं। जिस तरह से 6 जून को फोन कर कर कर्मचारियों को बुलाया गया था उसके पीछे सीधा-सीधा उद्देश्य यही था कि पार्षदों के साथ बदसलूकी कर उन्हें वहां से हटाना है लेकिन मैंवहां था किसी भी पार्षद पर यदि आंच आई तो इसके परिणाम गंभीर होंगे। यह पार्षद शहर के विकास को लेकर शहर की जनता को लेकर न्याय और ईमानदारी की लड़ाई लड़ रहे हैं। मिनट्स पार्षदों का फंडामेंटल राइट है। 30 लाख की आबादी वाले शहर को गलत टैक्स से बचने का काम भारतीय जनता पार्टी के कोर ग्रुप ने किया था, उनका भी सम्मान अधिकारियों द्वारा नहीं रखा गया है। अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी, चाहे किसी भी हद तक जाना पड़े। शहर हमारा है हमारा रहेगा और हम सब एक हैं। कर्मचारी हमारे साथ हैं उनको भटकने नहीं दिया जाएगा।



## जनप्रतिनिधियों और जनसमर्थन वाला बन रहा है सीन

करंट क्राइम : जिस तरीके से नगर निगम की बोर्ड बैठक के मिनट्स की मांग को लेकर नगर निगम के पार्षद बड़ी संख्या में जुट रहे हैं और लगातार पूर्व और वर्तमान पार्षदों की संख्या में इजाफा हो रहा है। उसे देखकर लग रहा है कि इस अनिश्चित कालीन आंदोलन में आने वाले दिनों में जनप्रतिनिधि और जनआंदोलन वाला समर्थन मिल सकता है। शनिवार को बड़ी संख्या में अलग-अलग व्यापारिक संगठनों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने पत्र देकर पार्षदों को समर्थन दिए हैं।

# क्या ये बात है फाईन, सांसद-मंत्री-विधायक ने किया कांवड़ शिविरों का उद्घाटन, मगर धरने पर बैठे पार्षदों से मिलने का नहीं निकाला टाईम







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जब खबर आप पढ़ रहे होंगे तब पार्षदों के नगर निगम पर चल रहे धरने को लेकर तीसरा दिन हो चुका होगा। ये बात धरने पर बैठे पार्षदों को पॉवर कट का सामना करना पड़ा। पार्षद हाउस टैक्स के मिनट की डिमांड पर धरने पर बैठे हुए हैं। खास बात ये है कि धरने पर बैठने वाले पार्षदों में भाजपा के पार्षदों की संख्या ज्यादा है। बताया जाता है कि जिस वक्त नगर निगम में लाईट का कट आफ हुआ, ठीक उसी वक्त भाजपा सांसद अतुल गर्ग एवं विधायक संजीव शर्मा देवी मंदिर दिल्ली गेट पर हाईमास्क लाईट के उद्घाटन का स्वीच ऑन कर रहे थे। दिल्ली गेट से नगर निगम मुख्यालय की दूरी लगभग 500 मीटर बताई जाती है। बावजूद



इसके लाईट करने की सूचना होने के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि पार्षदों की सुध लेने के लिए नहीं पहुंचा। कहने वाले कह रहे थे कि दिन भर कांवड शिविरों के उद्घाटन में दिखाई देने वाले मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी एंव मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने नगर निगम मुख्यालय पहुंच कर अपने पार्षदों के लिए समय नहीं निकाला। चर्चा ये भी है कि आखिर जनप्रतिनिधि सबकुछ जानते हुए इस मामले पर क्यों चुप्पी साधे हुए हैं। क्यों मंत्री, सांसद, विधायक आगे आकर इस समस्या का समाधान नहीं निकाल रहे। क्यों वो इस मामले में नगर आयुक्त और महापौर से मीटिंग करके समस्या को समाप्त नहीं करा रहे। चर्चा यही है कि भले ही राजनीतिक मंचों पर भाजपा के ये सब जनप्रतिनिधि एक साथ नजर आ रहे हों। मगर जनहित वाले मंच पर आते हुए शायद इन सबकी आपस में कोई इगो टकरा रही है। यही वजह है कि हाउस टैक्स को लेकर हुई बोर्ड बैठक के बाद अधिकतर जनप्रतिनिधि खामोश हैं। पता चला है कि उंगली कटवाकर शहीद होने वाली बात भी कई जनप्रतिनिधियों के सीने में खंजर का काम कर रही है। एक चर्चा यह भी है कि यहां जनप्रतिनिधि पहले आप पहले आप वाली मूवमेंट का इंतजार कर रहे हैं। वो इस पूरे मामले का नेतृत्व करने से बच रहे हैं। कहने वाले यह भी कह रहे हैं कि सांसद अतुल गर्ग हो या कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा वो इस मामले में नगर विकास मंत्री एके शर्मा से भी बात कर सकते हैं। मगर कोई भी इस मैटर पर बातचीत तक का रिस्क लेने के लिए शायद तैयार नहीं है।

# पूर्व मेयर अशु वर्मा ने सौंपा सुरेश रैना के भाई दिनेश रैना को लैटर

# कहा- लीजेंड क्रिकेट के मैच में पाकिस्तान से खेलना नहीं रहेगा देश हित में बैटर







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा हमेशा से राष्ट्रहित के मुद्दे पर आगे आते हैं। वो हिंदुत्व के मुद्दों पर अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और अब वो उस विश्वकप लीजेंड क्रिकेट मैच को लेकर सामने आए हैं जिसमें भारत की टीम को पाकिस्तान से मैच खेलना है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने क्रिकेटर सुरेश रैना को एक पत्र लिखा और ये पत्र उन्होंने सुरेश रैना के भाई दिनेश रैना के माध्यम से भिजवाने के लिये दिनेश रैना को सौंपा। अपने पत्र में अशु वर्मा ने लिखा कि 20 जुलाई को आपकी टीम पाकिस्तान के साथ मैच खेल रही है। पाकिस्तान की टीम में शाहिद अफरीदी जैसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तानी फौज के साथ रोड शो किया था और हमारी सेना व देश के लिये अपशब्द कहे। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपने पत्र में लिखा कि सुरेश रैना व उनके साथ युवराज सिंह, हरभजन सिंह, यूसुफ पठान, युनूस पठान, पीयूश चावला, आरपी सिंह, रोबिन उथप्पा आदि ने यह मैच खेलने का निर्णय लेकर करोड़ों भारतीयों का दिल तोड़ा है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपने पत्र में खिलाड़ियों से निवेदन किया कि इस लीग में आप लोग पाकिस्तान के साथ कोई मैच ना खेलें। करोड़ों भारतीयों की भावना का सम्मान करें और दुश्मन देश पाकिस्तान की टीम के साथ क्रिकेट ना खेलें।

## धर्म देखकर मारे गए लोगों की मां-बहनों के आंसू नहीं सूखे हैं: अशु वर्मा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि आज जो मैच खेला जाएगा, मेरा विरोध देश को लेकर है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी चल रहा है। अभी तो पहलगाम में हिंदू धर्म देखकर मारे गए लोगों की पत्नी-बहन, मां और परिवार के आंख के आंसू भी नहीं सूखे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिये जान कुर्बान करना केवल सैनिक का धर्म नहीं है। देश के हर नागरिक के लिये उसका देश सर्वोपरि होता है। क्या हम सबका अपने देश के प्रति कोई कर्त्तव्य नहीं है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का भी अपने देश के प्रति कोई कर्त्तव्य है और उनमें भी राष्ट्रभक्ति की भावना होनी चाहिए।

## संपादकीय

# महिलाओं की भागीदारी

हिंदुस्तान यूनिलीवर की पहली महिला प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में प्रिया नायर की नियुक्ति देश के कॉरपोरेट जगत के लिए एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारतीय कॉरपोरेट जगत ने नेतृत्वकारी भूमिकाओं में लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष कर्मचारियों की संख्या में विविधता को लेकर बहुत धीमी प्रगति की है। नियामकीय मानकों मसलन सूचीबद्धता के लिए नियमों में सूचीबद्ध कंपनी के बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक की अनिवार्यता आदि ने कंपनियों को बोर्ड रूम में विविधता लाने के लिए प्रेरित किया है। हालांकि उतनी प्रगति नहीं हो सकी है जितनी कि अपेक्षित थी। कंपनियों के बोर्ड में महिलाएं 21 फीसदी पदों पर हैं जबकि नैशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनियों में से केवल 5 फीसदी में ही महिलाएं सीईओ या प्रबंध निदेशक के पद पर हैं।

बहरहाल, शीर्ष पर कुछ प्रगति के बावजूद व्यापक तस्वीर अभी तक असमान बनी हुई है। मानव संसाधन सलाहकार कंपनी मार्चिंग शीप्स द्वारा हाल ही में जारी ह्ममार्चिंग शीप इन्क्लूजन इंडेक्स 2025ह्ण के अनुसार भारत की 63.45 फीसदी सूचीबद्ध कंपनियों में अभी भी महत्त्वपूर्ण पदों पर महिलाएं नहीं हैं। ऐसे हालात तब भी बने हुए हैं जबकि तथ्य बताते हैं कि समावेशन के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली कंपनियों ने अपने समकक्षों की तुलना में अच्छा मुनाफा कमाया।

विविधता केवल नैतिकता का प्रश्न नहीं है। यह वाणिज्यिक दृष्टि से भी अहम है। अगर करीब से नजर डालें तो पता चलता है कि देश के कारोबारी क्षेत्र में लैंगिक विविधता हर तरह से असंतुलित है। शुरूआती स्तर की भर्तियों में महिलाओं का अच्छा खासा प्रतिनिधित्व है और वे शीर्ष पर भी नजर आती हैं लेकिन प्रबंधन के मध्यम स्तर पर महिलाओं की संख्या काफी कम नजर आती है। ध्यान रहे कि यही मध्यम स्तर का प्रबंधन आगे चलकर शीर्ष नेतृत्व की तरफ बढ़ता है।

इतना ही नहीं, महिलाओं को अक्सर मानव संसाधन और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी जैसे क्षेत्रों में रखा जाता है जो महत्त्वपूर्ण तो हैं लेकिन रणनीतिक कारोबारी निर्णयों में इनकी भूमिका अक्सर कुछ खास नहीं होती। मैकिंजी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार वित्त, परिचालन और कोर बिजनेस इकाइयों में पुरुषों का दबदबा बरकरार है। यह रुझान न केवल महिलाओं की करियर वृद्धि को रोकता है बल्कि कंपनियों की निर्णय प्रक्रिया में गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। अहम कारोबारी कार्यों में लैंगिक विविधता की कमी के कारण संकीर्ण दृष्टिकोण विकसित हो सकते हैं और अवसर गंवाने पड़ सकते हैं।

देश के कॉरपोरेट जगत के कर्मचारियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 22 फीसदी है, यह आम श्रम शक्ति में उनकी भागीदारी से भी कम है। ऐसे में देश के जनांकिकीय बढ़त का पूरा लाभ लेने के लिए समावेशन को हकीकत में बदलना होगा। कंपनियां न केवल बोर्ड स्तर पर बल्कि सभी कामों में भर्ती, नौकरी छोड़ने, वेतन और पदोन्नति के संबंध में लिंग-आधारित मानकों पर नजर रखकर डेटा आधारित पारदर्शिता को अपना सकती हैं। जिस तरह बड़ी कंपनियां नियमित पर्यावरण और संचालन मानकों के अनुपालन की जानकारी देती हैं, विविधता के आंकड़े कमियों को पहचानने और लक्षित हस्तक्षेप करने में मददगार हो सकते हैं।

ढांचागत मार्गदर्शन के साथ नेतृत्व विकास पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसमें संभावनाशील महिलाओं को आगे बढ़ाना और उन्हें प्रशिक्षित करना जरूरी है। खासकर वित्तीय और परिचालन के क्षेत्र में। ऐसे में अनुकूल कामकाजी माहौल बनाना आवश्यक है। समावेशी नीतियां मसलन लचीला कार्य समय, मातृत्व-अवकाश और पुनर्प्रवेश कार्यक्रम आदि को उत्पादकता बढ़ाने में सहायक माना जा सकता है। पर्यावरण, सामाजिक और संचालन फ्रेमवर्क यानी ईएसजी की तरह विभिन्न भूमिकाओं में लैंगिक पहचान के स्वैच्छिक खुलासे को प्रोत्साहित कर नियामक भी इसमें सहायक भूमिका निभा सकते हैं।

बड़े निवेशक भी अपने कॉरपोरेट संचालन और दीर्घकालिक जोखिम के मूल्यांकन में विविधता को ध्यान में रख रहे हैं। कारोबारी भारत को प्रतीकात्मक समावेशन से आगे बढ़कर वास्तविक प्रभाव की दिशा में बढ़ना होगा। इसका अर्थ यह है कि न केवल महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिका सौंपनी होगी बल्कि उन्हें प्राधिकार, संसाधन और निर्णय प्रक्रिया में भी शक्ति संपन्न बनाना होगा। इसका लक्ष्य केवल समता हासिल करना नहीं बल्कि मजबूत, नवाचारी और भविष्य की दृष्टि से सक्षम संगठनों का निर्माण करना भी है। इस प्रयास में लैंगिक संतुलन वाला नेतृत्व अहम है।

# भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता 1 अक्तूबर से होगा लागू, बोले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्तूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे और पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है।



**भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्तूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।**

गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹भारत-ईएफटीए टीईपीए 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा।₹ यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। समूह ने 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है - समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों के भीतर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्षों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर- जिससे भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में सहमत अपनी तरह की पहली प्रतिज्ञा है।

यह प्रतिबद्धता इस समझौते का मुख्य तत्व है, जिसे पूरा होने में लगभग 16 वर्ष लगे, जिसके बदले में भारत ने देशों से आने वाले कई उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए। इस समझौते में भारत अपनी टैरिफ लाइनों या उत्पाद श्रेणियों का 82.7 प्रतिशत हिस्सा देने की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत है, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद, जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां, कम कीमत पर उपलब्ध हो जाएंगे, क्योंकि भारत व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा।

# भारत में बनी हुई चाय की मांग दुनिया में बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत के चाय निर्यात में वृद्धि दर्ज हुई है। चार्य बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत से चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.85 प्रतिशत बढ़ा। देश का चाय निर्यात 250.73 मिलियन किलोग्राम से बढ़कर 257.88 मिलियन किलोग्राम (लगभग 26 करोड़ किलोग्राम) हो गया है।



**उत्तर भारत से निर्यात में हुई 8.15 प्रतिशत की वृद्धि :** वित्त वर्ष 2025 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 161.20 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गई। यह वित्त वर्ष 2024 के 149.05 मिलियन किलोग्राम से 8.15 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। इसी प्रकार, दक्षिण भारत से निर्यात 2025 में 4.92 प्रतिशत घटकर 96.68 मिलियन किलोग्राम रह गया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में 101.68 मिलियन किलोग्राम था।

**चाय निर्यात का मूल्य 290.97 रुपये पहुंचा :** वहीं प्रति किलोग्राम चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया।

# 'भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब डॉलर पार' : अश्विनी वैष्णव




**नई दिल्ली।** भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। इसमें पिछले 11 वर्षों के दौरान आठ गुना वृद्धि हुई है। वहीं, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में छह गुना वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह बात कही।

आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तीव्र प्रगति पर भी जोर दिया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। भविष्य की ओर देखते हुए, वैष्णव ने कहा कि पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप, व्यावसायिक स्तर पर, इसी वर्ष बन जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर देशों में से एक बनने की राह पर है, और उन्होंने सेमीकंडक्टर के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों और सामग्रियों पर बढ़ते ध्यान पर भी चर्चा की।

केंद्रीय रेल, सूचना व प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, ₹महज 11 वर्षों में, हमने अपने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ा दिया है। यह दोहरे अंकों की उअऋफदर है जिससे कोई भी कॉपोर्रेट ईर्ष्या करेगा। हमने अपने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है, जो विकास की एक अभूतपूर्व गति है, जो हमारे जैसे बहुत कम देशों ने देखी है।₹

उन्होंने इस वृद्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दिया और कहा कि केवल साढ़े तीन वर्षों में, भारत एक संपूर्ण 4ऋदूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सका। आज, यह लगभग 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी ज्यादा है।

आईटी मंत्री ने कहा कि दूरसंचार पहल के हिस्से के रूप में, सरकार ने 100 5जी प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं, जहां छात्र 5जी उपकरणों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के उपयोग के मामलों पर काम करने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पुलिस : हम पुलिस हैं, दरवाजा खोलो!
पप्पू : क्यों खोलू?
पुलिस : क्योंकि हमें कुछ बात करनी है।
पप्पू : तुम लोग कितने हो!
पुलिस : हम 3 हैं।
पप्पू : तो आपस में बात कर लो ना,
मेरे पास टाइम पास नहीं है

---

लड़की - लड़के तो नालायक होते हैं
हम लड़कियां पढ़ाकू होती हैं
लड़का - लड़के भी किसी से कम नहीं होते
लड़की - लड़कियां आगे हैं
लड़का - अच्छा एक सवाल का जवाब बता
लड़की - हाँ पूछो
लड़का - ऐसी क्या चीज है
जो फ्रिज में रखने पर भी गर्म ही रहती है
लड़की - पता नहीं
लड़का - गरम मसाला ?
देखा हम किसी से कम नहीं




# मखाना टॉप सुपरफूड के रूप में पहली पसंद



## बदलती पसंदों से फूड इंडस्ट्री के लिए नए अवसर

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच भारतीय सुपरफूड मखाना ने उपभोक्ताओं के बीच खास जगह बना ली है। फार्मली की 'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2025' के अनुसार 65 प्रतिशत उपभोक्ता प्रतिभागियों ने मखाने को अपनी पहली पसंद बताया है।

**55 प्रतिशत उपभोक्ताओं को प्रिजर्वेटिव-मुक्त विकल्पों की तलाश :** रिपोर्ट में हेल्थी स्नैक्स की ओर मजबूत बदालाव की भी चर्चा की गई है। 55 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता अब सक्रिय रूप से प्रिजर्वेटिव-मुक्त विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। इस अलावा, आधे से ज्यादा लगभग 52 प्रतिशत ऐसे स्नैक्स को प्राथमिकता देते हैं, जो दोबारा सील होने वाली, पर्यावरण- अनुकूल पैकेजिंग में आते हैं। यह पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है।

**स्वादयुक्त सूखे मेवे का चलन :** सर्वेक्षण के अनुसार उपभोक्ताओं के बीच सुविधा एक प्रमुख कारक बनी हुई है। लगभग 45 प्रतिशत अपभोक्ता बार और सूखे मेवे आधारित मिठाइयों जैसे चलते-फिरते नाशते को पसंद करते हैं। नमकीन विकल्पों में मखाना और स्वादयुक्त सूखे मेवे स्पष्ट रूप से पसंदीदा हैं। इससे बाजार में स्वस्थ नाश्ते के विकल्पों की एक नई लहर चल पड़ी है।

इन रुझानों से यह संकेत मिलता है कि उपभोक्ता अब सेहत पर केंद्रित, टिकाऊ और सुविधाजनक स्नैक विकल्पों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। बालों को पोषण प्रदान करता है और मजबूत बनाता है।
- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। मांसपेशियों की ताकत बढ़ाकर दिल मजबूत बनाता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# जिम्बाब्वे के खिलाफ न्यूजीलैंड की आसान जीत

## कॉन्वे को किस्मत का सहारा, आठ जीवनदान मिले




**न्यूजीलैंड।** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने कई जीवनदान का फायदा उठाते हुए नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जिससे न्यूजीलैंड ने तीन देशों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में रविवार को 37 गेंद शेष रहते जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी। मैट हेनरी (26 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे की पारी को सात विकेट पर 120 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने 13.5 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर प्रभावशाली जीत दर्ज की।

कॉन्वे ने टिम सिफर्ट (तीन) के जल्दी आउट होने के बाद 40 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 59 रन बनाए। उन्हें मैच में कम से कम आठ जीवनदान मिले। एक रन के स्कोर पर उनका कैच छूटा फिर वह जब 34 रन पर थे तब रन आउट से बचे और पगबाधा की करीबी अपील उनके पक्ष में रही। इसके अलावा उनके कई शॉट हवा में लहराने के बाद क्षेत्ररक्षकों से दूर गिरे।

कॉन्वे ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 17 महीने में अपना पहला अर्धशतक जड़ने के अलावा रचिन रविंद्र (19 गेंद में 30 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 और डेरिल मिचेल (19 गेंद में नाबाद 26 रन) के साथ 58 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसानी से लक्ष्य के पार पहुंचाया। जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाजों वेस्ली मधेवेरे (32 गेंद में 36 रन) और ब्रायन बेनेट (19 गेंद में 20 रन) ने आक्रामक तरीके से न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना किया। बेनेट हालांकि पावरप्ले के अंत में हेनरी का शिकार बन गए। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज इसके बाद रन लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहे और टीम की रनगति लगातार कम होती चली गयी।

# सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ी चयनित, हॉकी इंडिया ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने यहां 21 जुलाई से 29 अगस्त तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) पर होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 40 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। पांच सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप को देखते हुए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह टूनामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा । पिछले शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को इसमें भी मौका दिया गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह शिविर काफी अहम समय पर लगाया जा रहा है । एशिया कप प्रतिष्ठित टूनामेंट होने के साथ विश्व कप 2026 में सीधे जगह बनाने का जरिया भी है । हमारा पूरा फोकस मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को तैयार करने पर होगा।'

उन्होंने कहा, 'हमने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने के लिये पिछले शिविर के कोर ग्रुप को बरकरार रखा है । यूरोप में प्रो लीग में हमें मनचाहे नतीजे नहीं मिले लेकिन इस शिविर से हमे आत्ममंथन करके मजबूती से वापसी का मौका मिलेगा।' भारतीय सीनियर कोर ग्रुप की सूची इस प्रकार है।

# डब्ल्यूयूजी में श्रीहरि नटराज का जलवा

## 200 मीटर फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** तैराक श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपने सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय को बेहतर करते हुए जर्मनी में विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के दूसरे दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। बैडमिंटन खिलाड़ियों को हालांकि मिश्रित टीम स्पर्धा हांगकांग के खिलाफ निराशा मिली।

दो बार के ओलंपियन 24 साल के श्रीहरि नटराज (24 वर्षीय) ने अपनी हीट में 1:48.22 सेकेंड का समय निकालकर शीर्ष स्थान हासिल किया। बेंगलुरु के इस तैराक ने पिछले महीने सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड 1:48.66 सेकेंड को पीछे छोड़ दिया। नटराज ने कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

सायली वानी, तनीषा कोटेचा और प्रीथा वर्तिकर की भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप पांच में नीदरलैंड पर 3-1 से जीत दर्ज की तो वहीं देवर्ष वाघेला, अयाज मुराद और हरकुंवर सिंह की पुरुष टीम ने कोलंबिया को 3-2 से शिकस्त दी। पुरुष टीम के सामने अब अंतिम 16 में चीन की चुनौती होगी। बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत ने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ ग्रुप एफ में कड़ा संघर्ष किया। टीम को हालांकि 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले गुरुवार को इस भारतीय टीम ने मकाऊ को 5-0 से हराया था।

टेनिस के महिला एकल में अंजलि राठी और वैष्णवी अडकर ने अंतिम 32 में जगह बनाई। अंजलि ने युगांडा की क्रिस्टियाना ओवोमुहांगी को 6-0, 6-0 से जबकि वैष्णवी ने नीदरलैंड की जोलीन मारिया जेनिया गील्स को 6-1, 6-0 से शकस्त दी। कबीर हंस और मान केशवाणी पुरुष युगल के अंतिम 32 में टैंटवान माजोली और सुफावाट साई-ओई की थाईलैंड की जोड़ी को को 6-1, 6-1 से हराया। तैराकी में नटराजन के अलावा अन्य भारतीय तैराकों ने निराश किया अनीश गौड़ा अपनी हीट में 1:52.42 का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रहे और अगले दौर के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। भाव्या और श्रृंगी 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 21 तैराकों में क्रमशः 20वें और 19वें स्थान पर रहीं। श्रृंगी ने हीट में 5:16.90 का समय लिया जबकि भाव्या ने 5:17.62 का समय लिया। तलवारबाजी (पुरुषों की व्यक्तिगत एपी) में बलराम जोशी ने अंतिम 128 दौर के मुकाबले में चीनी ताइपे के ह्सियांग चिंग वू को 15-12 से हराया, लेकिन दौर में अमेरिका के तलवारबाज डिएगो काल्डेरोन से 5-15 से हार गए।

# अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल से बाहर

## फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अरोनियन से हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में स्वप्निल सफर सेमीफाइनल में आर्मेनिया के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका की तरफ से खेल रहे लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार के साथ समाप्त हो गया। एरिगैसी ने प्रतियोगिता में इससे पहले शानदार प्रदर्शन किया था तथा वह फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। अरोनियन के खिलाफ वह अपनी जादुई लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें दोनों बाजियों में हार का सामना करना पड़ा।

इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था। अरोनियन के खिलाफ भी पहली बाजी में वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन मौकों को भुनाने में असफल रहे।



अरोनियन ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी और जब अर्जुन अपनी बढ़त का फायदा नहीं उठा सके तो उन्हें इसका लाभ मिला। अरोनियन को फाइनल में जगह बनाने के लिए दूसरी बाजी में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने शुरू से बाजी बराबर करने के प्रयास किए और एक समय ऐसा लग भी रहा था कि मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है, लेकिन अर्जुन को मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी और ऐसे में उन्होंने अनावश्यक जोखिम उठाया जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी।

**अर्जुन एरिगैसी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था।**

अमेरिका के हंस मोके नीमन फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी थे। उन्होंने हमवतन फैबियानो कारुआना को हराया। खिताब की दौड़ से बाहर हो चुके भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने तीसरे से आठवें स्थान के लिए हुए प्लेऑफ में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को 1.5-0.5 से हराया। नॉर्वे के खिलाड़ी कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ इसी अंतर से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में अमेरिका के वेस्ली सो ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को 3-1 से, जबकि अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने हम वतन लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज को 2-0 से हराया।

# पत्नी के साथ विंबलडन देखने पहुंचे नीरज चोपड़ा

## शादी के बाद पहली बार दिखे हिमानी के साथ

**नई दिल्ली।** गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने अपनी पत्नी हिमानी मोर के साथ शादी के बाद पहली बार फोटो साझा की हैं। वे दोनों तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन का फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे थे। नीरज चोपड़ा ने ये फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। नीरज ने लिखा कि दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेनिस खिलाड़ियों को जीत के लिए मैदान में देखने का मौका मिला। उनकी फोटो पर प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा कर रहे हैं। नीरज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पांच फोटो साझा की हैं। तीन में वे खुद व पत्नी संग नजर आ रहे हैं। दो फोटो विंबलडन कोर्ट के हैं।



नीरज चोपड़ा ने कहा कि यह उनका स्टेडियम में टेनिस मैच देखने का पहला मौका है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां इतने सारे लोग हैं और हर किसी में टेनिस के लिए जोश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि रोजर फेडरर स्विटजरलैंड के लिए अच्छा खेल रहे हैं। वे उनसे एक टूनामेंट में मिले हैं। उनसे बात कर अच्छा लगता है। वे हर चीज को मेंटेन रखते हैं। एक खिलाड़ी को ऐसा करना भी चाहिए। एक खिलाड़ी के लिए उसके खेल, वेल्यू और परिवार में तालमेल होना चाहिए। किसी भी खेल में खिलाड़ी के पास विल पावर का होना बहुत जरूरी है।

### नीरज ने जनवरी में की थी शादी

नीरज ने 16 जनवरी को सोनीपत की टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर से शादी की थी। हिमाचल की शांत वादियों के बीच दोनों का विवाह हुआ था। शादी के बाद नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने हिमानी से शादी रचाई है।

नीरज ने अपने इंस्टाग्राम पर पांच तस्वीरें शेयर की हैं। जिनमें से तीन में वह खुद और पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। एक में वह विंबलडन कोर्ट पर नजर आ रहे हैं। नीरज ने शुक्रवार रात को अपनी पत्नी हिमानी की फोटो साझा की। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं।

# काउंटी मैच से ठीक तीन दिन पहले टीम से बाहर हुए ऋतुराज गायकवाड़, निजी कारणों से वापस लिया नाम

**नई दिल्ली।** भारत और महाराष्ट्र के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने काउंट्री क्रिकेट से नाम वापस ले लिया है। इसकी जानकारी यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने दी। उन्होंने बताया कि गायकवाड़ ने निजी कारणों से हटने का फैसला लिया है। बता दें कि, 28 वर्षीय बल्लेबाज को मंगलवार (22 जुलाई) से सरे के खिलाफ शुरू होने वाले मुकाबले में खेलना था लेकिन अब उन्होंने बाहर होने का निर्णय लिया है।



गायकवाड़ की अनुपलब्धता की जानकारी देते हुए यॉर्कशायर के मुख्य कोच मैक्ग्रा ने कहा, 'दुर्भाग्य से गायकवाड़ निजी कारणों से अभी नहीं आ रहे हैं। वह हमारे साथ स्कारबोरो या बाकी सीजन में भी नहीं खेल पाएंगे। इसलिए यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब ठीक होगा। हमें अभी-अभी पता चला है।' गायकवाड़ को काउंटी चैंपियनशिप के बाद वन डे कप में भी खेलना था।

यॉर्कशायर की तरफ से जारी की गई विज्ञप्ति में मैक्ग्रा के हवाले से कहा गया कि वह जल्द ही गायकवाड़ की जगह टीम में अन्य खिलाड़ी को शामिल करेंगे। मैक्ग्रा ने आगे कहा, 'हम पर्दे के पीछे से इस पर काम कर रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं। लेकिन बस दो-तीन दिन बाकी हैं, इसलिए मुझे यकीन नहीं है कि हम इस समय क्या कर सकते हैं। हम एक संभावित प्रतिस्थापन की तलाश में लगे हैं, लेकिन समय का दबाव समस्या है। मैं इस समय आपको इससे ज्यादा कुछ नहीं बता सकता।'

गायकवाड़ को आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेलते देखा गया था। इस दौरान उन्होंने सिर्फ छह मुकाबले खेले थे। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में वह चोटिल हो गए थे, जिसके बाद युवा बल्लेबाज को टूनामेंट से बाहर होना पड़ा था। ऋतुराज की जगह चेन्नई सुपर किंग्स की कमान महेंद्र सिंह धोनी ने संभाली थी।

# 'राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक ऐतिहासिक, भारत के लिए नए युग की शुरूआत करेगा', बोले किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगा। रिजिजू 2019 से 2021 के बीच दो वर्षों के लिए केंद्रीय खेल मंत्री रहे थे। वह मौजूदा खेल मंत्री मनसुख मांडविया के उन पूर्ववर्तियों में शामिल है, जिन्होंने देश के खेल प्रशासकों और अन्य हितधारकों से बात करके विधेयक के लिए आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने खेलों के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए ऐसा दूरदर्शी विचार रखा है।'

इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सुशासन के लिए एक ढांचा तैयार करना है। इसमें एक नियामक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जिसके पास अच्छे प्रशासन से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर एनएसएफ को मान्यता प्रदान करने तथा वित्त पोषण का फैसला करने का अधिकार होगा। नियामक बोर्ड उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी ज़िम्मेदार होगा। एनएसएफ को कई वर्षों तक चली व्यापक चर्चा के बाद शामिल किया गया है, जिसमें पिछले साल मांडविया के कार्यभार संभालने के बाद तेजी आई थी। विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुकदमेबाजी में कमी लाने के लिए नैतिक आयोग और विवाद समाधान आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है, जिसके कारण कभी-कभी चयन से लेकर चुनाव तक के मुद्दों पर खिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। आईओए ने इसका विरोध किया है। उसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। वर्तमान में आईओए की अध्यक्ष पी टी उषा ने तो यहां तक कह दिया है कि सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) भारत को निलंबित भी कर सकती है। मांडविया ने हालांकि कहा है कि प्रस्तावित विधेयक का मसौदा तैयार करते समय आईओसी से सलाह ली गई है। आईओसी का इसमें शामिल होना बेहद जरूरी है क्योंकि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

खेल मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान खेल प्रशासकों की स्वायत्तता, लेकिन अधिक जवाबदेही की वकालत करने वाले रिजिजू ने कहा कि उन्हें संसद में इस विधेयक के सुचारू रूप से पारित होने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'दो (अन्य) चीजें हैं झ खेलो भारत नीति और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों (डोपिंग रोधी और खेल प्रशासन) को एक साथ मिला दिया जाएगा और हम संसद में इस पर चर्चा करेंगे और मुझे विश्वास है कि सदस्य इसमें हिस्सा लेंगे।'

रिजिजू ने कहा, 'नया खेल विधेयक पारित हो जाने के बाद देश में नई खेल संस्कृति की शुरूआत होगी। खेलो इंडिया ने पहले ही देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है।' डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 में पारित किया गया था, लेकिन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने इसको लेकर कुछ आपत्तियां व्यक्त की थी जिसके कारण यह लागू नहीं हो पाया था। विश्व निकाय ने खेलों में डोपिंग रोधी राष्ट्रीय बोर्ड के गठन पर आपत्ति जताई, जिसे डोपिंग रोधी नियमों पर सरकार को सिफारिशें देने का अधिकार दिया गया था।

# हॉकी : दोनों वर्गों में विकास इंटर कॉलेज की 2-0 और 8-0 से एकतरफा जीत

**नई दिल्ली।** 65वीं जनपदीय सब जूनियर बालक और बालिका वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल शुक्रवार को लालपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में खेला गया। इसके दोनों वर्ग में विकास इंटर कॉलेज की टीम विजेता बनी। बालिका टीम ने आठ गोल से और बालक वर्ग ने दो गोल से एकतरफा जीत हासिल की।



फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग की टीम ने गंगापुर इंटर कॉलेज को 2-0 से और बालिका वर्ग में लाल बहादुर शिक्षण संस्थान को 8-0 हराया। लालपुर स्टेडियम में खेले गए बालक वर्ग में विजेता टीम की ओर से शुभम कुमार पटेल और ईशान कुमार पटेल ने एक-एक गोल किए, जबकि बालिका वर्ग में तनु यादव, सोनल सिंह, मोनिका गुप्ता और सृष्टि पटेल ने दो-दो गोल किए।

तनु यादव और शुभम पटेल को क्रमशः बालक बालिका वर्ग का सर्वोत्तम खिलाड़ी घोषित किया गया। निर्णायक की भूमिका घनश्याम चोटीवाला और मोहम्मद जावेद ने निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपियन ललित उपाध्याय और विशिष्ठ अतिथि अनूप कुमार मिश्र ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संचालन प्रेम शंकर तिवारी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ रघुराज सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ शम्स तबरेज शंपू, सर्वेश सिंह, राजेश सिंह, दिलीप, अमर सिंह मौजूद रहे।

### किसी की कॉपी करने की जगह अपनी स्टाइल में खेलें

लालपुर स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए ओलंपियन ललित उपाध्याय ने कहा कि खेल में किसी की नकल करने की बजाय खिलाड़ी को अपना स्टाइल विकसित करना चाहिए। अपनी कमजोरी को कम करने और मजबूती को और निखारने के लिए लगातार काम करें। उन्होंने कहा कि हॉकी के लोटदार पावर के साथ तकनीक पर आधारित खेल हैं। खिलाड़ी को कुशल कोच की देखरेख में अभ्यास करना चाहिए।

दो वर्ष बाद टर्फ पर लौटे खिलाड़ियों ने अच्छी तकनीक के साथ मैच खेला। जल्द ही वाराणसी में हॉकी लीग कराई जाएगी। - एके सिंह अध्यक्ष, हॉकी वाराणसी

### जिला और मंडल बास्केटबॉल का ट्रायल

प्रादेशिक महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रयागराज स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जाएगी। इसमें खेलने के लिए जिला और वाराणसी मंडल टीम का चयन ट्रायल सिगरा स्थित डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि जिले की टीम का चयन ट्रायल 23 जुलाई और मंडल की टीम का चयन ट्रायल 24 जुलाई को होगा। इस चयन ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए बालिका टीम के खिलाड़ी बास्केटबॉल कोच नागेंद्र चौरसिया से संपर्क कर सकते हैं। प्रादेशिक प्रतियोगिता 27 से 29 जुलाई तक प्रयागराज में होगा।

### प्रादेशिक मुक्केबाजी में खेलेगी 10 सदस्यीय टीम

वाराणसी। प्रदेशिक मुक्केबाजी के लिए वाराणसी मंडल की टीम शुक्रवार को घोषित कर दी गई। टीम में 10 खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसमें आठ बालक और दो बालिका शामिल हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह के मुताबिक समन्वय बालिका मुक्केबाजी 21 से 23 जुलाई और बालक वर्ग की प्रतियोगिता 24 से 27 जुलाई तक खेली जाएगी।

### जूडो क्लस्टर में यूपी पुलिस मेरठ जोन विजेता, पीएसी पश्चिमी जोन उपविजेता

भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 50वीं यूपी पुलिस वार्षिक प्रतियोगिता जूडो क्लस्टर खेली गई। इसमें पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान शुक्रवार को अमृत सरोवर के समीप आयोजित समारोह में हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के अलग-अलग 12 जोन के 591 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। महिला और पुरुष दोनों वर्ग में यूपी पुलिस की मेरठ जोन विजेता जबकि पीएसी पश्चिमी जोन की टीम उपविजेता बनीं। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सोनकर पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी वाराणसी अनुभाग और आयोजन सचिव पंकज कुमार पांडेय सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी ने खिलाड़ियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। जूडो पुरुष वर्ग की टीम स्पर्धा में 3 स्वर्ण जीत मेरठ जोन प्रथम और 2 स्वर्ण, एक कांस्य पदक के साथ प्रयागराज जोन को दूसरा स्थान मिला। महिला वर्ग में मेरठ जोन प्रथम और गोरखपुर जोन को दूसरा स्थान मिला। वुशू में पश्चिमी जोन प्रथम और पीएसी पूर्वी जोन दूसरे स्थान पर रही, महिला वर्ग मे मेरठ जोन की टीम ने प्रथम जबकि बरेली जोन दूसरे स्थान पर रही। ताइक्वांडो में 30 अंक के साथ पश्चिमी जोन ने प्रथम और पूर्वी जोन 15 अंको के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महिला वर्ग में बरेली 31 अंको के साथ प्रथम और 18 अंक के साथ लखनऊ जोन की टीम दूसरे स्थान पर रही। ब्रजेश राय, बदन यादव, धीरेंद्र सिंह, नरेश सिंह यादव, अतुल सिंह रहे।

# जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में हरनंदीपुरम योजना को धरातल पर साकार करने में मिली बड़ी उपलब्धि

## अब तक 5 हेक्टेयर से अधिक भूमि के बैनामे प्राधिकरण के पक्ष में किए जा चुके

**- प्रतिकर के रूप मे लगभग 32 करोड का किया जा चुका है भुगतान**








गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के कुशल नेतृत्व में प्राधिकरण के द्वारा विकसित की जाने अतिमहत्वाकांक्षी हरनंदीपुरम को धरातल पर साकार करने में लगातार सफलता हासिल की जा रही है। इसी का नतीजा ये है कि योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों की 5 हेक्टेयर से अधिक जमीनों के 37 बैनामें प्राधिकरण के पक्ष में किए जा चुके है। प्राधिकरण के द्वारा प्रतिकर के तौर पर लगभग 32 करोड का भुगतान कर दिया गया है। प्राधिकरण को उम्मीद है कि जल्द योजना से प्रभावित अन्य किसानों के द्वारा भी प्राधिकरण के पक्ष में बैनामे कर दिए जाएंगे। किसानों को भी आशा है कि जिस जमीन से उनकी बहुत कम आमदनी होती थीं, वहां अतिआधुनिक सुविधाओं से युक्त योजना विकसित होगी, इससे न केवल उनके गांवों का विकास होगा, बल्कि क्षेत्र में समृद्धि आएगी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें भी अति आधुनिक योजना में गांव से निकलकर खुद का आशियाना बनाने का मौका मिलेगा। प्राधिकरण के भू अर्जन एवं अभियंत्रण अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार किसानों से संपर्क बनाया गया है। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि एनसीआर के अंतर्गत आने वाले गाजियाबाद में ऐसी योजना धरातल पर साकार की जाए, जिसमें लोग न केवल आशियाना बना सकें, बल्कि योजना के धरातल पर साकार होने से निश्चित तौर पर लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। जीडीए के द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिकर के मुददे पर हाल में हुई बैठक के दौरान लिए गए निर्णय एवं प्राधिकरण बोर्ड के फैसले के आधार पर किसानों के साथ रजामंदी से बैनामे के प्रयास किए जा रहे है।

# नगर पालिका परिषद् में बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को पालिका के सभागार में, मा० बोर्ड की साधारण बैठक का आयोजन कोरम पूर्ण होने पर बोर्ड बैठक का प्रारम्भ मोहिनी शर्मा, अध्यक्ष, न०पा०परि०खोड़ा-मकनपुर की अध्यक्षता में किया गया, इसमें अभिषेक कुमार, अधिशासी अधिकारी, सुशील कुमार, कर अधीक्षक, नवनीत कुमार, अवर अभियन्ता (जल), दिव्यकांत अग्रवाल, सफाई एंव खाद्य निरीक्षक, दीक्षा चौहान, राजस्व निरीक्षक एवं पालिका के 25 वार्डों के निर्वाचित सभासदगण उपस्थित रहें। बैठक का संचालन अभिषेक कुमार, अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया, बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर क्षेत्र में निकाय द्वारा अपने संसाधनों से जल आपूर्ति हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा जलापूर्ति हेतु डी०पी०आर० तैयार करने हेतु एक माह का समय निर्धारित किया गया है। डी०पी०आर० पर बोर्ड द्वारा विचार विमर्श के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त फीकल स्लज सेप्टेज मैनेजमेन्ट उपविधि एवं नगर पंचात/नगर पालिका परिषद (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) उपविधि 2024, गृह कर में ब्याज से छूट, जिन भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा उन्हें गृह कर में विशेष छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके साथ एम्बुलेंस, शव वाहन, स्काई लिफ्ट क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा भवन निर्माण उपविधि 2024 को अस्वीकृत किया गया। इसके साथ-साथ साफ-सफाई, जल भराव, अतिक्रमण आदि विषयों पर विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक के अन्त में मा० अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी सभासदगणों का आभार प्रकट करते हुये बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मर्म चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मॉडर्न योग मर्म वाटिका धर्मार्थ चिकित्सालय की ओर से शिव भक्त कांवरियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया।

कनावनी पुलिया पर सत्यम फार्म हाउस के मेन गेट पर आयोजित शिविर में शिव भक्त कांवरियों के स्वास्थ्य की जांच और मर्म चिकित्सा के द्वारा उनकी देखभाल की जा रही है। कैंप के संचालक भाजपा नेता करतार सिंह ने कहा कि मर्म चिकित्सा संसार की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणाली है। यह सद्द फलदायीनी है। इस पद्धति के जरिए शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। दूधेश्वर सेना के बैनर तले और महंत नारायण गिरी के सानिध्य में यह कैंप आयोजित किया गया। कैंप में शिव भक्त कांवड़ियों को मर्म पद्धति से उनके स्वास्थ्य की जांच और पैरों के दर्द एवं फफौलो को ठीक किया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक रूप चौधरी, मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी आदि उपस्थित थे।

**मर्म चिकित्सा संसार की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणाली है। यह सद्द फलदायीनी है। इस पद्धति के जरिए शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।**

# रालोद ने चलाया मोदीनगर के गांव में सदस्यता अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत शनिवार को मोदीनगर में शिविर का आयोजन किया गया। किलहोड़ा गांव में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान थे। उन्होंने कहा के राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह द्वारा बनाई गई किसान मजदूर हितैषी पार्टी है। इसका मुख्य उद्देश्य ही किसानों की हित सुनिश्चित करना है। खेत खलियान से जुड़े लोगों को पार्टी से जुड़ना चाहिए, तभी किसानों की आवाज बुलंद होगी। इस मौके पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में हर वर्ग का आदमी जुड़ रहा है। जितने भी लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा है और सदस्य बने हैं सभी को साथ लेकर चल जाएगा। जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि सभी का पार्टी में स्वागत है और उम्मीद है कि सभी पार्टी में बढ़-कर कर काम करके पार्टी को आगे बढ़ने का काम करेंगे। इस मौके पर सुनील रोहता, रणबीर दहिया, प्रदेश सचिव अरुण चौधरी भूलन, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला, मनोज त्यागी मोदीनगर, जिला महासचिव चंद्रपाल डायरेक्टर, विधानसभा अध्यक्ष आलोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष जयवीर नेहरा, कृष्णा चैंपियन, मनोज राठी, राम अवतार त्यागी, बृजपाल अमराला, मोहित, सुधीर तोमर अतरौली, गजेंद्र मास्टर आदि उपस्थित थे।

# वैशाली नहर रोड कांवड़ शिविर में थिरक रहे कांवड़िए

## मनमोहक झांकियां कर रहीं लोगों को आकर्षित





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कांवड़ यात्रा में बम-बम भोले के जयकारों से शहर के मार्गों में वातावरण भक्तिमय नजर आ रह है। जिधर से देखो कांवड़िए भक्तिमय गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे हैं। कई कांवड़िये भोलेनाथ की प्रतिमा को कंधे पर लेकर यात्रा कर रहे हैं तो कई कांवड़िए झांकी वाली कांवड़ों को लेकर गुजर रहे हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान भगवान शिव समेत अन्य देवी देवताओं की एक से बढ़कर एक मनमोहक झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। शहर से कांवड़ लेकर निकलने वाले कावड़ियों के जत्थे शंख, ढोल और बांसुरी बजा रहे हैं। कांवड़ियों के जत्थों में कई पेशेवर नर्तक भी शामिल हैं। जो अपने आराध्य को खुश करने के लिए भगवान के रौद्र रूप का प्रतीक तांडव नृत्य कर रहें हैं।

शिव कावड़ सेवा संघ के अध्यक्ष व पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वैशाली सेक्टर 4 नहर रोड पर मकनपुर गांव द्वारा 30 वां भंडारा चल रहा है, जिसमें पूरा गांव मिलकर सेवा कर रहा है। वही मनमोहक झांकियां इन्हें देखने और इनका भजन सुनने के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगाधरी, मटका चौक, कन्हैया साहिब चौक, हमीदा के साथ ही अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं। कांवड़ियों के कई जत्थे भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की प्रतिमा को कंधे पर लादकर चल रहे हैं। कुछ जत्थों में शिवलिंग रूपी कांवड़, तांडव करते भगवान शिव, विष का प्याला पीते हुए, गौरी पार्वती संग शिव आदि-आदि स्वरूपों में भगवान शिव की झांकियां सजी हैं।

# नाबालिग से रेप के चारों आरोपी गिरफ्तार



**लोनी करंट क्राइम।** थाना लोनी क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को खड़कड़ी अंडरपास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नजीम, आसिफ, कैफ और शारिक के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 21 जून 2025 को पीड़िता के पिता ने थाना लोनी में तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ कई दिनों से कुछ युवक छेड़छाड़ कर रहे हैं। विरोध करने पर लड़कों ने उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़िता के बयान लिए तो पता चला कि युवकों ने उसके साथ रेप की घटना को भी अंजाम दिया था। पुलिस ने युवकों पर पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया और युवकों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पूछताछ में बताया कि पीड़िता अपने पिता की परचून की दुकान पर बैठती थी, इसी बीच हमारा पीड़िता से बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और एक दिन उन्होंने उसके साथ हमने गलत हरकत कर दी और धमकाकर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि चारों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज है और अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# सभी के सुख-दुख में साथ खड़े रहते थे राजपाल त्यागी : सरदार एस पी सिंह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधायक अजीत पाल त्यागी के पिता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन से सामाजिक क्षति हुई है। अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राजनीति के क्षेत्र में राजपाल त्यागी ऐसी शख्सियत थे जिसकी पूर्ति हो पाना संभव नहीं है.. हर किसी के सुख दुख मे सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे, छह बार मुरादनगर विधानसभा से विधायक रहे और अब उनके सुपुत्र दो बार से विधायक हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## कावड़ सेवा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर कावड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साध्वी श्री महंत डॉक्टर गिरिजा नंदनी गिरी ने शिविर में यज्ञ का आयोजन किया और उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा का आह्वान करते हुए देशभक्ति राष्ट्र सेवा को आहुतियां समर्पित की। इस अवसर पर संस्था की सभापति सुभाष गुप्ता रोटेरियन ने सभी का आभार व्यक्त किया।**

## हापुड़ में पशु चोरों से पुलिस मुठभेड़

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में कोतवाली देहात पुलिस ने पशु चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। जबकि उसके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली देहात प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस बल के साथ चैकिंग कर रहे थे। तभी मंसूरपुर कट पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मिनी ट्रक वाहन को रोकने का प्रयास किया। वाहन न रुकने पर पुलिस ने पीछा किया। गोंदी कट पर घिरने के बाद आरोपी खेतों की तरफ भागने लगे।

एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से मोहसिन के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे सीएससी हापुड़ में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से जुबैर को भी गिरफ्तार किया है। अमन, चमन, कैफ और सहवेज नाम के चार अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से एक तमंचा 315 बोर, एक मिनी ट्रक वाहन और चोरी की एक भैंस बरामद की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।




# कांवड़ यात्रा में बाइकों पर नजर आंएगे अधिकारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का अभियान अंतिम दौर में चल रहा है। तो वहीं ट्रैफिक को सुधारने के बाद अब सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले एक से दो दिन के भीतर पुलिस के शीर्ष अधिकारी बाइकों पर नजर आएंगे और कांवड़ यात्रा कंट्रोल को लेकर वह कड़ा संदेश देने का काम करेंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि शहर के सबसे प्राचीन और विशाल मंदिर को लेकर लगातार पुलिस के अधिकारियों के निरीक्षण जारी हैं। तो शनिवार को जहां नंबर दो वाले और जोन वाले अधिकारी निरीक्षण को पहुंचे तो उनके साथ तीनों ही सर्किल के एसीपी भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि वैसे भी इस बार भोले बाबा के इस मंदिर में पूरे मार्ग पर भक्तों के लिए छायादार टेंट लगाया गया है। भगवा थीम दी गई है, तो सजावट भी आकर्षक की गई है। बैरिकेडिंग की व्यवस्था पिछले कई सालों की तुलना में ज्यादा मजबूत और सुरक्षित बनाई गई है। वहीं मंदिर पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी ऐसी लगाई गई है कि वह थके ना और पूरी तत्परता के साथ ड्यूटी करें। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि खास मंदिर पर उन खास एसीपी की ड्यूटी भी लगी है, जो दूसरे जोन में हैं, पर उनकी टीआरपी और वर्किंग की वजह से उन्हें मुख्य स्थान पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के वो थ्री-स्टार भी लगाए गए हैं, जो कभी थानों की कमान संभालते थे। तो इस बार वह कांवड़ ड्यूटी का भार ले रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद पुलिस के कई शीर्ष अधिकारी बाइक पर ड्यूटी के जरिए बड़ा और कड़ा संदेश देने का काम करेंगे। उधर पुलिस सूत्रों पर भरोसा करें तो पांच पुरानी बाइक को न्यू लुक दिया गया है जिनपर साहब लोगों को सवार होना है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि ट्रैफिक जाम वाली समस्या को आने वाले दिनों में और ठीक करने के लिए कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जल्द ही तीनों जोन में एसीपी भी मुस्तैद किए जाएंगे। तो कहा जा रहा है इसके बार बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर अभी सभी का फोकस कांवड़ यात्रा शांति और सफलता के साथ संपन्न कराना मकसद बना हुआ है।




## ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाश की मुठभेड़

# जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी, चोरी की बाइक- ज्वेलरी और तमंचा बरामद



**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस निराला एस्टेट के पास बैरियर लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान गौर सिटी से सूरजपुर की तरफ एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेज गति से आया।

पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई।

घायल बदमाश की पहचान सूरज उर्फ संतोष (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से फिरोजाबाद के थाना लाइन पार क्षेत्र का रहने वाला है और फिलहाल बिसरख के पतवाड़ी गांव में रह रहा था।

बदमाश के पास से अवैध तमंचा बरामद पुलिस ने बदमाश के पास से दिल्ली से चोरी की गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल, शाहबेरी की ज्वैलरी शॉप से चोरी किए गए आभूषण और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## गाजियाबाद में बारिश के बाद उमस से मिली राहत

# एनसीआर में 21 जुलाई से फिर तीन दिन बारिश की संभावना, अधिकतम तापमान 33 डिग्री



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पिछले तीन दिनों में दो बार बारिश से तापमान में गिरावट आई है। जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। दिन में कभी बादल तो कभी हल्की धूप रहेगी। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 33 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। तापमान में कमी रहने के चलते मौसम सुहाना है। उमस भरी गर्मी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### दो दिन हुई लगातार बारिश

पिछले तीन दिनों में दो दिन लगातार बारिश हुई है। जिससे तापमान में कमी आई। गुरुवार रात को 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। उसके बाद शुक्रवार सुबह बारिश जैसा मौसम रहा और शुक्रवार दोपहर बाद फिर बारिश हुई। रात में भी बारिश जैसा मौसम रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में 2 मिली मीटर बारिश होने का अनुमान जताया गया है। वहीं 21 जुलाई से फिर से गाजियाबाद और आसपास के जिलों में तीन दिन मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है।

वेस्ट यूपी के जिलों में लगातार मानसूनी बारिश हो रही है। शुक्रवार को अलग-अलग जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। रात में आसमान में बादल छाए रहे। एनसीआर के अलावा वेस्ट यूपी के बरेली, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# सूडान में बदतर हुई मानवीय संकट की स्थिति

## कोरडोफान और दारफुर क्षेत्रों में बढ़ा हिंसक संघर्ष

**काहिरा ।** सूडान के कोरडोफान क्षेत्र में हिंसक संघर्ष में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं और दारफुर में हिंसा जारी है, जिससे देश के मानवीय संकट को बदतर बना दिया। राहत कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि उनके लिए लोगों तक मदद पहुंचाना अब बेहद मुश्किल हो गया है। सूडान में मर्सी कॉर्प्स के कंट्री डायरेक्टर कादरी फुरानी ने एक बयान में कहा, हर दिन कोरडोफान में लोगों की तकलीफें बढ़ती जा रही हैं। लोग ऐसी जगहों पर फंसे हैं, जहां सामने से लड़ाई हो रही है। लोग न ही भाग सकते हैं और न ही उन्हें जरूरी मदद मिल पा रही है। केवल बारा में ही बीते एक हफ्ते में 60 लोगों की मौत हुई है।



सूडान में अप्रैल 2023 से तब युद्ध शुरू हुआ था, जब सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्से (आरएसएफ) के बीच लंबे समय से चल रहा तनाव खुलकर संघर्ष में बदल गया। इस हिंसा में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं और यह दुनिया का सबसे खराब विस्थापन और भुखमरी संकटों में से एक बन गया है। हाल के महीनों में ज्यादातर संघर्ष दारफुर और कोरडोफान क्षेत्रों में हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने गुरुवार को पुष्टि की कि आरएसएफ ने 10 जुलाई से अब तक बारा शहर में 60 नागरिकों की हत्या की है, जबकि कुछ नागरिक संगठनों का दावा है कि यह संख्या 300 तक हो सकती है। गुरुवार को बारा में सेना की ओर से बमबारी में 11 लोगों की मौत हुई। सभी एक ही परिवार से थे। वहीं, 10 से 14 जुलाई के बीच सेना ने पश्चिम कोरडोफान क्षेत्र के दो गांवों पर हमला कर 23 लोगों को मार डाला और दो दर्जन से ज्यादा को घायल कर दिया। संगठन की संचार प्रबंधक ग्रेस वाइरीमा नदुंगु ने बताया कि मर्सी कॉर्प्स के एक राहतकर्मी के भाई की 13 जुलाई को उत्तरी कोरडोफान के उम सैमिमा गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

**संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, 12 जुलाई के सप्ताहांत पर उत्तर कोरडोफान प्रांत के बारा कस्बे के आसपास के गांवों पर हुए हमलों में 450 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें 35 बच्चे शामिल थे**

कादरी फुरानी ने कहा कि कोरडोफान के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों के बीच आना-जाना लगभग नामुमकिन हो गया है। बढ़ते संघर्ष के कारण मर्सी कॉर्प्स को चार में से तीन इलाकों में अपने काम को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है।

# रूस का यूक्रेन पर भीषण ड्रोन हमला

## मची तबाही, ओडेसा में एक की मौत कई घायल

**कीव ।** पिछले तीन साल से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा संघर्ष अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां रूस ने एक बार फिर शनिवार तड़के यूक्रेन पर एक बड़ा हमला किया। इसके तहत 300 से ज्यादा ड्रोन और 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें दागी गईं। यूक्रेन के काला सागर तटीय शहर ओडेसा पर 20 से ज्यादा ड्रोन और एक मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक ऊंची इमारत में आग लगने के बाद पांच लोगों को बचाया गया। ओडेसा के मेयर हेन्नादी त्रुखानोव ने इसकी पुष्टि की। देखा जाए तो यह हमला युद्ध रोकने की कोशिशों को झटका देने वाला माना जा रहा है।



### हमले में एक बच्चे समेत छह घायल

रूस के इस भीषण हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि ओडेसा हमले में एक बच्चे समेत छह लोग घायल हुए हैं। साथ ही देश के उत्तर-पूर्वी सुमी इलाके में अहम बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। जेलेंस्की ने उन अंतरराष्ट्रीय नेताओं का आभार जताया जो यूक्रेन की रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इसमें हथियारों का संयुक्त निर्माण, ड्रोन निर्माण और एयर डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति शामिल है।

रूस के हमले और भी बढ़ सकते हैं

विशेषज्ञों के मुताबिक, रूस अब एक रात में उतने ड्रोन हमले कर रहा है जितने पहले महीनों में किए जाते थे। 8 जुलाई को रूस ने रिकॉर्ड 700 से अधिक ड्रोन दागे थे। वहीं रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने शनिवार तड़के 71 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। वहीं, मॉस्को के मेयर ने बताया कि राजधानी की ओर बढ़ते 13 ड्रोन भी मार गिराए गए।

# म्यांमार: सरकार गिरा आंग सांग सू की को 27 साल के लिए किया कैद, अब पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सेना प्रमुख

**नेपिडॉ।** यह पहली बार है जब सेना प्रमुख ने 2021 की तख्तापलट के बाद इस कार्यक्रम में भाग लिया।

69 वर्षीय वरिष्ठ जनरल मिन ऑन्ग लैइंग ने यांगून में स्थित शहीद स्मारक पर आंग सान और उनके साथ मारे गए आठ अन्य नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में म्यांमार का झंडा झुका हुआ था और सेना परिषद के वरिष्ठ सदस्य व मंत्रीगण भी मौजूद थे। यह कदम ऐसे समय पर आया है जब सेना के कब्जे वाले म्यांमार में जल्द चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है।



आंग सान सू की को सेना ने फरवरी 2021 में सत्ता से हटाकर गिरफ्तार कर लिया था और अब वह 27 साल की जेल सजा काट रही हैं। उनके खिलाफ जिन मामलों में सजा दी गई है, उन्हें व्यापक रूप से राजनीति से बाहर रखने की चाल माना जा रहा है। सू की की अनुपस्थिति ने एक बार फिर उनके समर्थन में आवाज उठाने वाले लोकतंत्र समर्थकों को सक्रिय कर दिया। जनता ने भी दी श्रद्धांजलि, कुछ इलाकों में विरोध प्रदर्शन जहां एक तरफ सेना ने शहीद दिवस पर औपचारिक कार्यक्रम किया, वहीं आम जनता ने सुबह कार के हॉर्न और सायरन बजाकर 1947 में हुए हमले की याद ताजा की। देश के ऐसे इलाके जो सेना के नियंत्रण में नहीं हैं।

**म्यांमार की सियासत में एक बार फिर हलचल दिखी जब सेना प्रमुख मिन ऑन्ग लैइंग ने शनिवार को एक ऐसे समारोह में हिस्सा लिया, जिसे अब तक सेना टालती रही थी। यह कार्यक्रम देश के स्वतंत्रता सेनानी जनरल आंग सान को समर्पित था, जो कि म्यांमार की पूर्व नेता और वर्तमान में कैद में रखी गई आंग सान सू की के पिता थे**

# अफगानिस्तान में भूकंप के दो झटकों से दहशत का माहौल

**काबुल ।** अफगानिस्तान में शनिवार को भूकंप दो जबरदस्त झटके महसूस किए गए। इके अलावा म्यांमार में भी भूकंप के झटकों से लोग दहशत में आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के एक बयान में कहा गया है कि शनिवार को अफगानिस्तान में दो भूकंप के झटके महसूस किए गए। ताजा भूकंप रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का था। देर रात 2.11 बजे आए भूकंप का केंद्र जमीन से 125 किमी गहराई में था। इससे पहले अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। राम 01.26 बजे आए भूकंप का केंद्र जमीन से 190 किमी गहराई में था। इससे पहले राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ठउर) के एक बयान में कहा गया था कि शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। 17 जुलाई को भी रिक्टर पैमाने पर 4.7 तीव्रता का भूकंप आया था। अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंपों का इतिहास रहा है। रेड क्रॉस के अनुसार, हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला एक भूगर्भीय रूप से सक्रिय क्षेत्र है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। म्यांमार में 3.7 तीव्रता का भूकंप एनसीएस के मुताबिक, शनिवार को म्यांमार में भी 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 105 किलोमीटर की गहराई में आया। सुबह 03.26 बजे भूकंप के बाद लोग दहशत में आ गए और घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले शुक्रवार को म्यांमार में 4.8 तीव्रता का भूकंप आया था। 17 जुलाई को भी 80 किमी की गहराई में भूकंप आया था। यूरेशियन और इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेटों के बीच टकराव की वजह से म्यांमार एक उच्च भूकंपीय खतरे वाला क्षेत्र है। अंतरराष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से संक्षेपित भूकंप मापदंडों के अनुसार, 1990 से 2019 तक म्यांमार और उसके आसपास के क्षेत्रों में हर साल 3.0 से अधिक या उसके बराबर तीव्रता वाली लगभग 140 घटनाएं घटी हैं।




# युवक को आया गुस्सा, हवा में ही खोलने लगा विमान का दरवाजा, अमेरिका में हुई आपात लैंडिंग

**सीडर रेपिड्स ।** अमेरिका से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। नेब्रास्का से डेट्रॉइट जा रही क्षेत्रीय एयरलाइन के विमान में एक यात्री फ्लाइट अटेंडेंट से झगड़ पड़ा। उसने हवा में ही विमान का आपातकालीन निकास द्वार खोलने की कोशिश की, जिसके चलते विमान की पूर्वी आयोवा में आपात लैंडिंग करानी पड़ी।



दरअसल, स्काईवेस्ट एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 3612 ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) शाम 5:30 बजे ओमाहा, नेब्रास्का से डेट्रॉइट के लिए उड़ान भरी थी। विमान के पायलट ने शाम 6 बजे सीडर रैपिड्स स्थित पूर्वी आयोवा हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर से संपर्क किया और एक यात्री द्वारा व्यवधान पैदा करने के कारण लैंडिंग का अनुरोध किया। लाइवएटीसी द्वारा रिकॉर्ड किए गए ऑडियो के अनुसार, पायलट ने कहा, 'वह अभी हमारी फ्लाइट अटेंडेंट से झगड़ा कर रहा है और आपातकालीन निकास द्वार खोलने की कोशिश कर रहा है।' विमान लैंड करते ही पुलिस ने गिरफ्तार किया युवक सीडर रैपिड्स पुलिस के अनुसार, यह गड़बड़ी विमान के रवाना होने के तुरंत बाद हुई। संघीय उड्डयन प्रशासन के बयान के अनुसार, विमान को सीडर रैपिड्स हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया और सुरक्षित रूप से वहां उतार दिया गया। पुलिस ने बताया कि विमान के लैंड करते ही पुलिस ने विमान में सवार 23 वर्षीय ओमाहा निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। स्काईवेस्ट एयरलाइंस का मुख्यालय यूटा राज्य में है। यह कंपनी यूनाइटेड, डेल्टा, अमेरिकन और अलास्का एयरलाइंस जैसी प्रमुख एयरलाइनों के लिए उड़ानें संचालित करती है। स्काईवेस्ट द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बाद में विमान बृहस्पतिवार रात को डेट्रॉइट के लिए रवाना हुआ।

# ओबामा प्रशासन पर मुकदमे की मांग, ट्रंप की जीत में रूसी दखल के आरोपों पर तुलसी गबार्ड का पलटवार

**वॉशिंगटन ।**

तुलसी गबार्ड ने अपने बयान में दावा किया कि ओबामा प्रशासन ने खुफिया जानकारी को राजनीतिक हथियार बना दिया और अमेरिकी जनता की इच्छा के खिलाफ काम किया। उन्होंने पूर्व डीएनआई जेम्स क्लैपर, सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन और एफबीआई निदेशक जेम्स कॉमी पर झूठी खुफिया रिपोर्ट तैयार कराने का आरोप लगाया। गबार्ड ने इसे ह्यदेशद्रोही साजिशह्व करार दिया और कहा कि यह सब ट्रंप को कमजोर करने और एक लंबे समय तक चली साजिश की नींव थी।



### 2016 से पहले रूस पर नहीं था कोई ठोस सबूत

गबार्ड द्वारा जारी दस्तावेजों के अनुसार, नवंबर 2016 से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन था कि रूस चुनाव नतीजों को प्रभावित नहीं कर रहा है। यहां तक कि 8 दिसंबर 2016 को राष्ट्रपति की डेली ब्रीफ में कहा गया कि रूस ने अमेरिकी चुनाव के परिणामों को प्रभावित नहीं किया। लेकिन अगले ही दिन ओबामा प्रशासन के निर्देश पर यह आकलन अचानक वापस ले लिया गया और नया खुफिया मूल्यांकन तैयार करने को कहा गया।

झूठी जानकारी फैलाने का आरोप गबार्ड ने दावा किया कि ओबामा प्रशासन ने मीडिया में झूठी खबरें फैलाने के लिए जानबूझकर गोपनीय सूचनाएं लीक कीं। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन पोस्ट जैसी प्रमुख मीडिया संस्थाओं में यह खबर फैलाई गई कि रूस ने ट्रंप की जीत में साइबर हमला कर दखल दिया। गबार्ड के अनुसार, 6 जनवरी 2017 को जारी की गई नई खुफिया रिपोर्ट भी एक फर्जी दस्तावेज पर आधारित थी जिसे पहले ही अविश्वसनीय माना जा चुका था।

**अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक बार फिर बवाल मच गया है। इस बार अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख और पूर्व कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड ने ओबामा प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके प्रमुख अधिकारियों ने जानबूझकर रूस के दखल की झूठी कहानी गढ़ी ताकि ट्रंप की वैध जीत को संदेह के घेरे में डाला जा सके। गबार्ड ने इस मामले में आपराधिक जांच और मुकदमे की मांग की है**

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्र पर गोलीबारी

## 50 फलस्तीनी मारे गए, मानवीय संकट बढ़ा

**दीर अल बलाह ।** जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इस्राइल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है।

जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इस्राइल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं।



### दो जगहों पर गोलीबारी की वारदात

जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इस्राइली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि, 'यह एक नरसंहार थाङ्ख सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।' एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बयां किया खौफनाक मंजर इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा, 'हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना।

**गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं**

# नेपाल के प्रधानमंत्री ने कहा- उचित समय पर भारत यात्रा जरूर करूंगा

**नई दिल्ली ।** नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने कहा है कि वह उचित समय पर भारत की यात्रा करेंगे और उनकी यात्रा को लेकर दोनों पक्ष जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत यात्रा के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ओली की यह टिप्पणी स्थानीय मीडिया द्वारा लगाई जा रही उन अटकलों के बीच आई है कि ओली को नई दिल्ली से आधिकारिक यात्रा के लिए कोई निमंत्रण नहीं मिला है। नेपाल में ओली ने चौथी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला ओली ने बृहस्पतिवार देर रात नेपाली यूट्यूब चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मैं संभवतः भारत की यात्रा पर जाऊंगा। मेरी भारत यात्रा दोनों पक्षों की ओर से आवश्यक जमीनी कार्य पूरा करने के बाद होगी। ओली ने गत वर्ष जुलाई में चौथी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा पर भारत जाने की परंपरा को तोड़ते हुए चीन जाने का फैसला किया।



भारत पर अटकलें खारिज कीं ओली ने उन सभी अटकलों को खारिज किया कि भारत उन्हें पसंद नहीं करता है। उन्होंने कहा, जब मैं पीएम बना, तो भारत ने कुछ भी गलत नहीं किया। एक अलग संदर्भ में ओली ने कहा, भारत और चीन, दोनों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। दोनों ही उभरती हुई आर्थिक शक्तियां हैं और हमारे लिए फायदेमंद हैं। भगवान राम पर दिए बयान की चर्चा बता दें कि हाल ही में ओली ने भगवान श्रीराम के जन्म को लेकर बयान दिया था। उन्होंने दावा किया कि महर्षि वाल्मीकि रचित मूल रामायण के मुताबिक राम का जन्मस्थान नेपाली सीमा क्षेत्र में है। लोगों को इस बात को प्रचारित करने में डर या झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए। बता दें कि पांच साल पहले भी ओली ने ऐसे ही बयान दिए थे, जिसके कारण उनकी अपनी ही पार्टी के लोग नाराज हो गए थे। उन्होंने दावा किया है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## तीनों तहसीलों में कुल 105 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 9 का निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन एवं अध्यक्षता में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एसडीएम राजेन्द्र सिंह, एसीपी लोनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एडीएम ई रणविजय सिंह की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सदर तहसील में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई

करंट क्राइम। सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 4 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीपक मीणा ने कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया

करंट क्राइम। सम्पूर्ण समाधान के पश्चात जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज लोनी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएसए ओपी यादव व सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय में इन्टरनेट, स्पोर्टस, इक्यूमेंट आदि की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध रहे। बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने व उनकी प्रतिभा को निखारने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाएं। बच्चों को जिस कार्य जैसे संगीत, शिक्षा सहित खेलों में रूचि हो उसमें उनकी प्रतिभा को निखारने का हर सम्भव प्रयास किया जाएं। साथ ही विद्यालय में स्वच्छता का ध्यान रखा जाएं। बच्चों को पौष्टिक खाना दिया जाये। उन्होने बीएसए को निर्देशित कि शासनादेश के क्रम में विद्यालय का निरीक्षण किया जाए। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा लोनी स्थित पंचायारा गांव के पास यमुना नदी पर बने बंदा/पुस्ता क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया।

# दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर निगम ने धूप से बचाव के लिए लगवाये टेंट

## सेवा-भाव के साथ जिम्मेदारियों को निभा रहा है निगम : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पहल करते हुए दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर जो की प्राचीन मंदिर है जहां सावन माह में अधिकांश श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं प्रत्येक सोमवार को भी अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं जिनकी सहूलियत के लिए धूप से बचाव हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बैरिकेडिंग क्षेत्र में टेंट की व्यवस्था भी की गई है इसी के साथ रहा में पेयजल की व्यवस्था भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई है जो की सराहनीय है।

### जस्सीपुरा से दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर तक की गई बैरिकेडिंग

करंट क्राइम। कांवड़ रूट पर पूर्ण व्यवस्था जिसमें प्रकाश स्वास्थ्य निर्माण विभाग विशेष रूप से लगा हुआ है, गाजियाबाद नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को सेवा भाव के साथ निभा रहा है। जस्सीपुरा से लेकर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर तक बैरिकेडिंग की गई है जिस पर धूप से बचाव के लिए टेंट लगवाया गया है तथा धूप से बचाव हो प्रयास किया गया है यह गाजियाबाद नगर निगम की पहल है जिसकी प्रशंसा नगर वासी कर रहे हैं।

### कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए पार्षदों का सहयोग प्रशंसनीय

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी हो या सफाई मित्र या अन्य निगम परिवार का सदस्य सभी में अपनी जिम्मेदारी के साथ-साथ सेवा भाव भी देखने को मिल रही है। कांवड़ महोत्सव को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम जुटा हुआ है। जलाभिषेक से पूर्व 24 घंटे सभी अपनी-अपनी ड्यूटी पर अलर्ट हैं। कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के पार्षदों द्वारा भी विशेष सहयोग मिल रहा है जो कि प्रशंसनीय है। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं द्वारा पिछली बार मांग की गई थी धूप अधिक होने के कारण खड़े रहने में समस्या बनी रहती है तथा लंबी लाइन में इंतजार करना होता है जिसके चलते गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बैरिकेटिंग एरिया में टेंट लगवाया गया है तथा धूप से बचाव के एग्जाम किए गए हैं।

# नगर निगम के प्लास्टिक-मुक्त कांवड़ शिविर का उद्घाटन

## महापौर और डीएम ने वितरित किया फलाहार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन मास की पावन कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद नगर निगम ने अपनी परंपरा को बनाए रखते हुए साईं उपवन में छह दिवसीय कांवड़ शिविर का भव्य उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी दीपक मीना और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पूजा-अर्चना कर शिविर की शुरूआत की। कांवड़ियों से संवाद करने के बाद उन्हें फलाहार और प्रसाद वितरित किया गया। इस शिविर की व्यवस्थाओं का जिम्मा साईं सेवा ट्रस्ट की टीम ने संभाला है, और इसे पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

महापौर सुनीता दयाल ने कांवड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवड़ शिविर का आयोजन सराहनीय है। महिला कांवड़ियों के लिए अलग शौचालय और विश्राम स्थल की व्यवस्था की गई है, जिससे उनकी सुरक्षा और आराम सुनिश्चित होता है। महापौर ने शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और कांवड़ियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया।

**नगर आयुक्त की अपील: प्लास्टिक मुक्त शिविर :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कांवड़ शिविर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि शिविर को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखा जाए। उन्होंने कहा, साईं उपवन में आयोजित यह कांवड़ शिविर पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त होगा। हमारी टीम को इस दिशा में कड़े निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कांवड़ियों के लिए हर पहलू पर ध्यान देने की बात कही।

**डीएम का उत्साहवर्धन: सेवा और जिम्मेदारी का संगम :** जिलाधिकारी दीपक मीना ने गाजियाबाद नगर निगम की टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के बाद उन्होंने कांवड़ियों से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा, गाजियाबाद नगर निगम सेवा और भक्ति के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। डीएम ने निगम अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया और शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना की।

**कांवड़ शिविर की विशेषताएं:** यह छह दिवसीय कांवड़ शिविर कांवड़ियों के लिए विश्राम, भोजन और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया है। साईं सेवा ट्रस्ट की टीम व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रही है। शिविर में स्वच्छता, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिला कांवड़ियों के लिए अलग से व्यवस्थाएं और प्लास्टिक मुक्त पहल इस शिविर को और भी खास बनाती हैं।

# मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक योजना : गाजियाबाद में स्वदेशी गायों के लिए 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वदेशी गोवंश के संरक्षण और पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना को गाजियाबाद में लागू किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. पांडेय ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए पशुपालकों से अपील की है। इस योजना के अंतर्गत गिर, साहिवाल, थारपारकर, हरियाणा और गंगातीरी नस्लों की गायों के पालकों को उनकी उत्पादन क्षमता के आधार पर 10,000 से 15,000 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**योजना की मुख्य विशेषताएं :** इस योजना का उद्देश्य स्वदेशी गोवंश के संरक्षण को बढ़ावा देना और पशुपालकों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

**पात्रता मानदंड:** आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। आवेदक गाजियाबाद जनपद का निवासी होना चाहिए। आवेदन के समय गाय 45 दिनों के भीतर बियाई होनी चाहिए। गाय स्वदेशी नस्ल (गिर, साहिवाल, थारपारकर, हरियाणा, या गंगातीरी) की होनी चाहिए। गाय प्रथम, द्वितीय या तृतीय बयांत की होनी चाहिए। आवेदक इस योजना का लाभ केवल एक बार उठा सकता है।

**प्रोत्साहन राशि: गिर, साहिवाल, थारपारकर:** यदि दैनिक दूध उत्पादन 8-12 किलोग्राम है, तो 10,000 रुपये, और 12 किलोग्राम से अधिक होने पर 15,000 रुपये।


हरियाणा, गंगातीरी: यदि दैनिक दूध उत्पादन 7-8 किलोग्राम है, तो 10,000 रुपये, और 8 किलोग्राम से अधिक होने पर 15,000 रुपये।


**आवश्यक दस्तावेज:** आवेदन एवं जानकारी के लिए पशुपालक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उप दुग्ध शाला विकास अधिकारी कार्यालय, या निकटतम पशु चिकित्सालय में संपर्क कर सकते हैं। डॉ. एस.पी. पांडेय ने पशुपालकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर स्वदेशी गोवंश के संरक्षण में योगदान दें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

# शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ने की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में लिखा, मेरी मौत के जिम्मेदार महेंद्र सर और शैंग मैम हैं

**- छात्रा ने खुद के साथ हैरेसमेंट होने का आरोप लगाया है।**





**नोएडा, करंट क्राइम।** एचओडी से परेशान होकर छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की ओडिसा के बालासोर की घटना को लोग भूले भी नहीं थे कि ग्रेटर नोएडा में भी इस तरह की घटना ने लोगों को झकझोर दिया है।

ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में बीडीएस की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी। छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा कि मेरी मौत के जिम्मेदार महेंद्र सर और शैंग मैम हैं। इन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, अपमानित किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों को अरेस्ट किया। छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में आगे लिखा कि अगर मैं मर गयी, तो पीसीपी और डेंटल सामग्री के शिक्षक जिम्मेदार हैं। महिंदर सिक्स और शैंग मैम मेरी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। मैं चाहती हूं कि वे सलाखों के पीछे जाएं। उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है।

जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा में स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में बीडीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। हॉस्टल रूम में छात्रा का शव फंदे से लटका मिला। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें छात्रा ने खुद के साथ हैरेसमेंट होने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद से यूनिवर्सिटी में छात्रों ने जम कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस और छात्रों के बीच नोकझोंक हुई है।

एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने कहा, मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सुसाइड नोट और अन्य सबूतों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# शहीद भगत सिंह सेवा दल ने कांवड़ियों के लिए भेंट की निशुल्क एंबुलेंस सेवा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिव भक्त कांवड़ियों के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश बॉर्डर की प्रथम पुलिस चौकी सीमा पर 24 घंटे निशुल्क एंबुलेंस सेवा का उद्घाटन किया गया। चौकी प्रभारी पुलिस चौकी सीमा ने नारियल तोड़कर श्री गणेश किया। जिसमें शहीद भगत सिंह सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शंटी (पद्मश्री), गाजियाबाद जिला ट्रांस हिंडन के प्रधान कंवलजीत सिंह मन्नू, सिक्का जनकपुरी के प्रधान रमनदीप सिंह अहलूवालिया ने जानकारी देते हुए बताय कि कई प्रमुख समाजसेवी पहुंचे प्रत्येक वर्ष शहीद भगत सिंह सेवादल शिव भक्तों के लिए एंबुलेंस सेवा देता है। यह सेवा निशुल्क होती है। यदि किसी भी शिव भक्त को चोट लगती है या कोई एक्सीडेंट हो जाता है तो तुरंत एंबुलेंस पहुंचती है।

इस एंबुलेंस के अंदर फास्टेड किट, ऑक्सीजन सिलेंडर इत्यादि मरीज के लिए होते हैं। यदि ज्यादा सीरियस होता है तो जीटीबी हॉस्पिटल में एडमिट कर दिया जाता है। यह सभी सेवाएं निशुल्क हैं।

### अमृत भारत ट्रेन गाजियाबाद में ठहरकर चलेगी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बड़ी सौगात दी। उन्होंने बिहार के मोतिहारी से अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया है। दोनों अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का गाजियाबाद में भी स्टॉपेज दिया गया है। इसमें से एक ट्रेन शनिवार को नई दिल्ली से चली।यहां के लोग गाजियाबाद स्टेशन से ही बैठकर देश की नई और आधुनिक ट्रेन में सफर का आनंद उठा सकेंगे। बिहार के मोतिहारी जिले में एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजेंद्र नगर पटना- न्यू दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया था। रेलवे ने गाजियाबाद के लोगों को बड़ी सौगात देते हुए आधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज यहां दिया है। गाड़ी संख्या 03261 राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत 18 को राजेंद्र नगर टर्मिनल से चलकर पटना, दानापुर, आरा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, गाजियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशन से होते हुए नई दिल्ली पहुंची। यह ट्रेन तेज रफ्तार के साथ बेहतर सुरक्षा और आरामदायक यात्रा का अनुभव देने में सक्षम है। शनिवार को 03262 नई दिल्ली-राजेंद्र नगर टर्मिनल अमृत भारत नई दिल्ली से छह बजे चलकर 6.38 पर गाजियाबाद स्टेशन आई और 6.40 पर यहां से खुल गई। वहीं गाड़ी संख्या 22361राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 31 जुलाई से नियमित चलेगी। यह ट्रेन राजेंद्र नगर टर्मिनल से शाम 7.45 पर खुलेगी और 12:23 पर गाजियाबाद आएगी। यहां इसका दो मिनट का स्टॉपेज होगा। एक अगस्त से गाड़ी संख्या 22362 नई दिल्ली से शाम 7.10 बजे नई दिल्ली से खुलेगी और गाजियाबाद में इसका निर्धारित समय 7.46 है।7.48 पर यह ट्रेन स्टेशन से खुलकर आगे की ओर प्रस्थान करेगी। गाजियाबाद स्टेशन पर दोनों ट्रेन का स्टॉपेज मिलने से पूर्वांचल के साथ बिहार की ओर जाने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

# मोदीनगर की स्वच्छता में बड़ी छलांग

## 231 से सीधे देश में 34वें स्थान पर, यूपी में दूसरा नंबर, बना 'कूड़ा मुक्त' शहर




**मोदीनगर करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मोदीनगर नगर पालिका परिषद ने शानदार प्रदर्शन किया है। नगर पालिका ने देश में 34वीं और उत्तर प्रदेश में दूसरी रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर है, जब मोदीनगर 231वें स्थान पर था। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्र के अनुसार, मोदीनगर 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आता है। स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका को 10,047 अंक मिले हैं। प्रशासन ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था और कूड़ा प्रबंधन में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन प्रयासों के लिए मोदीनगर को कूड़ा मुक्त शहर का स्टार रेटिंग भी मिला है।

बिजनौर नगर पालिका परिषद पहले स्थान पर रही उत्तर प्रदेश में बिजनौर नगर पालिका परिषद पहले स्थान पर रही। नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने इस उपलब्धि पर प्रशासन और शहरवासियों को बधाई दी है। उन्होंने शहर को और स्वच्छ बनाने की अपील की है। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान और विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# सब्जियों की कीमतें आसमान पर

## बारिश और कांवड़ यात्रा ने बढ़ाई चुनौती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। बारिश के मौसम में फसलों को हुए नुकसान और कांवड़ यात्रा के चलते सड़कों पर लगी बैरिकेडिंग ने सब्जियों की आपूर्ति में बाधा बनाई है, जिससे कीमतों में जोरदार उछाल आया है। उदाहरण के लिए, टमाटर, जो पहले 20 रुपये प्रति किलो बिकता था, अब 50 से 60 रुपये प्रति किलो हो गया है।

फूलगोभी की कीमत 50 से 80 रुपये प्रति किलो और 100 रुपये प्रति किले तक पहुँच गई है। वहीं, धनिया, जो पहले सस्ता था, अब 150 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। हरी मिर्च की कीमतें भी आसमान पर हैं; 15 दिन पहले 30 रुपये प्रति किलो बिकने वाली हरी मिर्च अब 100 रुपये प्रति किलो से अधिक बिक रही है।

दुकानदारों का कहना है कि बारिश के कारण फसले खराब हो रही हैं, जिससे सब्जियों की पैदावार और आपूर्ति प्रभावित हो गई है। इसके अलावा, कांवड़ यात्रा के चलते सड़कों पर बैरिकेडिंग होने के कारण माल मंडियों तक समय पर नहीं पहुँच पा रहा है। परिवहन में देरी और माल के भाड़े में वृद्धि ने भी कीमतों को ऊँचा करने में योगदान दिया है। इस स्थिति ने आम नागरिकों के लिए अपनी रोजी-रोटी चलाना मुश्किल कर दिया है, क्योंकि बढ़ती कीमतें उनकी जेब पर भारी पड़ रही हैं।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस ने व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का त्वरित और कारगर तरीके से खुलासा किया। लुटेरों को गिरफ्तार कर लूटी हुई नगदी बरामद की गई और पीड़ित व्यापारी को राहत मिली। इस पर भाजपा नेता व व्यापारी अनुज मित्तल व निगम पार्षद विनील दत्त ने कार्यालय पहुंच कर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस के सम्मान की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।